*विवेक और प्रज्ञा ने खाने का सामान गाड़ी में रखा।*

*खाने का सामान गाड़ी में रखने के बाद वे ...*

...

**(d)** **Ergänzen Sie den Text.**

| के लिए | से पहले | के बाद |
|---|---|---|

1. विवेक और प्रज्ञा कल ताज महल (देखना)__________ आगरा गए।
2. (चलना)__________ उन्होंने खाने का सामान गाड़ी में रखा।
3. दिल्ली से (निकलना)__________ उन्होंने गाड़ी में पूरी टंकी पेट्रोल भरवाया।
4. आगरा (पहुँचना)__________ उन्होंने रास्ते में रुककर नाश्ता किया।
5. आगरा (पहुँचना)__________ उन्होंने अपनी गाड़ी पार्किंग में लगाई।
6. थोड़ी देर पैदल (चलना)__________ उन्हें ताज महल सामने दिखा।

**(e)** **Stellen Sie Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(f)** **Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

आप अपने देश की या भारत की कौन सी घूमने लायक जगहें जानते हैं ?

# 29 उनतीसवाँ अध्याय

## 29.1 Adverbielle Relativsätze

**(a) Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

क्या आप आजकल कहीं काम कर रहे हैं या पहले कभी करते थे ?

**(b) *Kanika arbeitet auf einer Bank.* – Was bedeuten diese Ausdrücke?**

| | | |
|---|---|---|
| पढ़ाई खत्म करना | नौकरी, बैंक में लगना | बैंक में काम करना |
| आवेदन पत्र की जाँच करना | पैसों का हिसाब भिजवाना | प्रमोशन, मिलना |

**(c) Schreiben Sie einen kurzen Text.**

*कनिका ने पढ़ाई ख़त्म की। उसके बाद ...*

**(d) Was bedeuten diese Wörter? Ergänzen Sie den Text.**

| | | |
|---|---|---|
| जहाँ – वहाँ | जब – तब | जैसे ही – वैसे ही |
| जब से – तब से | जब तक – तब तक | |

_______ कनिका की पढ़ाई खत्म हुई, _______ उसकी बैंक में नौकरी लग गई।
_______ वह अब काम करती है, _______ लगभग तीस लोग और काम करते हैं।
_______ ग्राहक ऋण के आवेदन पत्र लाते हैं, _______ वह उनको जाँचती है।
_______ लंच का समय होता है, _______ वह पैसों का हिसाब भिजवा देती है।
_______ वह वहाँ काम कर रही है, _______ उसे दो बार प्रमोशन भी मिला है।

**(e) Wie bildet und verwendet man adverbiale Korrelativkonstruktionen?**

**(f) Fragen für Gespräche**

- क्या आप कहीं नौकरी करते हैं ? वहाँ आपके क्या-क्या काम होते हैं ?
- अपने किसी एक दोस्त की नौकरी के बारे में बताइए।

**29.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a)** ***Dort, wo …***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पढ़ाई करना | काम करना | रहना | खरीदारी करना | सैर पर जाना |

1. जहाँ *जहाँ वह अभी पढ़ाई कर रहा है, वहाँ मैं कभी पढ़ाई करता था।*
2. जिस जगह *जिस जगह वह अभी ..., उस जगह मैं कभी ... ।*
3. वहाँ *मैं वहाँ पढ़ाई करता था, जहाँ वह अभी पढ़ाई कर रहा है।*
4. उस जगह *मैं उस जगह पढ़ाई करता था, जिस जगह वह अभी पढ़ाई कर रहा है।*

**(b)** ***Dorthin, wo …***

| | |
|---|---|
| काफ़ी लोग जाते हैं | हम पिछले साल भी गए थे |
| (से) अच्छा नज़ारा दिखता है | हवा भी … (से) चल रही है |

1. जहाँ *जहाँ हम अभी जा रहे हैं, वहाँ काफ़ी लोग जाते हैं।*
2. जिधर *जिधर हम अभी जा रहे हैं, उधर काफ़ी लोग जाते हैं।*
3. जिस तरफ़ *जिस तरफ़ हम अभी जा रहे हैं, उस तरफ़ काफ़ी लोग जाते हैं।*
4. जिस ओर *जिस ओर हम अब जा रहे हैं, उस ओर काफ़ी लोग जाते हैं।*

**(c)** ***Als, seit, so lange***

(कोई) अपने गाँव के एक दोस्त के साथ रहना (कोई) अक्सर बाहर खाना खाना
(किसी को) पैसे, कम मिलना (किसी की) तनख्वाह, बहुत कम होना
(कोई) रात को काम करना शुरू करना

1. जब *जब मैं मुंबई में रहता था, तब मैं अपने गाँव के ... रहता था।*
2. जब से *जब से मैं मुंबई में रह रहा हूँ, तब से मैं अपने गाँव के ... रहता हूँ।*
3. जब तक *जब तक मैं मुंबई में रहा, तब तक मैं अपने गाँव के ... रहता था।*
4. जिस वक़्त *जिस वक़्त मैं मुंबई में रहता था, उस वक़्त मैं अपने ... रहता था।*
5. जिन दिनों *जिन दिनों मैं मुंबई में रहता था, उन दिनों मैं अपने ... रहता था।*

**(d)** ***Als, gerade als, wann immer***

| |
|---|
| भारत पहुँचना – मेरा दोस्त, (किसी को) लेने आना |
| घर से निकलना – पानी की बोतल लेना     ढाबे पर रुकना – कुछ खाना |
| शाम को वापस आना – घरवालों को कॉल करना |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जब, तो | *जब हम भारत पहुँचे, तो मेरा दोस्त हमें लेने आया।* |
| 2. | जब, तब | *जब हम भारत पहुँचे थे, तब मेरा दोस्त हमें लेने आया था।* |
| 3. | जैसे ही, जैसे ही | *जैसे ही हम भारत पहुँचेंगे, वैसे ही मेरा दोस्त हमें लेने आएगा।* |
| 4. | जब भी, तो | *जब भी हम भारत पहुँचते हैं, तो मेरा दोस्त हमें लेने आता है।* |

**(e)** ***Solche, wie / so viele wie***

| |
|---|
| जूते     दुपट्टे     साड़ियाँ     कपड़े     गहने     हीरे की अंगूठियाँ |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जैसे | *जैसे जूते उसके पास हैं, वैसे जूते मेरे पास भी हैं।* |
| 2. | जिस तरह का | *जिस तरह के जूते उसके पास हैं, उस तरह के जूते मेरे पास भी हैं।* |
| 3. | जितना | *जितने जूते वह खरीदती है,*<br>*उतने जूते वह कभी पहनती भी नहीं है।* |
| 4. | जितना महँगा | *जितने महँगे जूते वह खरीदती है,*<br>*उतने महँगे जूते तो मैं कभी नहीं खरीदूँगी।* |

**(f)** ***Wie***

| |
|---|
| दिलीप कुमार – अभिनय करना     गुलज़ार – गाने लिखना |
| लता मंगेशकर – गाना     मधुबाला – नाचना     अमिताभ बच्चन – हिंदी बोलना |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जैसे | *जैसे दिलीप कुमार अभिनय करते हैं, वैसे शायद ही कोई करता है।* |
| 2. | जिस तरह | *जिस तरह दिलीप कुमार अभिनय करते हैं, उस तरह शायद ही ... ।* |
| 3. | जितना अच्छा | *जितना अच्छा दिलीप कुमार अभिनय करते हैं, उतना अच्छा ... ।* |

**(g)** **Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| |
|---|
| जहाँ से मैं आया हूँ     जहाँ मैं रहता हूँ     जिस तरह मैं रहता हूँ     जब मैं छोटा था |
| जब से मैं पढ़ाई करता हूँ     जब तक मैं पढ़ाई करूँगा     जैसे ही मैं घर आता हूँ |

## 29.3 *Manishs Job*

**(a) Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

आपके हिसाब से एक अच्छी नौकरी कैसी होनी चाहिए ?

**(b) Lesen Sie den Text.**

मनीष की नौकरी

मनीष पच्चीस साल का है। उसका घर झाँसी में है। पिछले साल उसने बी.टेक. की पढ़ाई खत्म की और उसके बाद वह मुंबई आ गया। फ़िलहाल वह अपने गाँव के किसी दोस्त के साथ बोरीवली में रहता है। चूँकि वह अब तक कोई अच्छी नौकरी ढूँढ़ नहीं पाया है, इसलिए वह अभी के लिए अंधेरी में एक कॉल सेंटर में काम कर रहा है, जहाँ रात के दस बजे काम शुरू होता है। जब सारी दुनिया वापस घर लौटती है, तब वह काम पर निकलता है।

उसके साथ पंद्रह और लड़के काम करते हैं। उनका काम होता है अमरीका में लोगों को कॉल करके उनसे कुछ जानकारी हासिल करना। जब भारत में दस बजे होते हैं, तब अमरीका में सुबह होती है। जब वह दिन में सो नहीं पाता, तो कभी कभी रात भर काम करने के लिए उसे नींद न आने की गोलियाँ भी लेनी पड़ती हैं। मनीष का इस नौकरी में बिलकुल मन नहीं लगता है, लेकिन जब तक उसे कुछ बेहतर नहीं मिल जाता, तब तक उसे यहाँ अपना समय काटना है।

**(c) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. मनीष कहाँ का रहनेवाला है ?
2. उसने कहाँ तक पढ़ाई की है ?
3. वह किसके साथ रहता है ?
4. मनीष किन हालातों में नौकरी करता है ?
5. जहाँ मनीष काम करता है, वहाँ सिर्फ़ लड़के ही क्यों काम करते हैं ?

**(d) Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e) Bestimmen Sie alle Relativkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(f) Übersetzen Sie den Text.**

**29.4** ***Bei einem Freund wohnen***

**(a) Lesen Sie die Fragen und sprechen Sie miteinander.**

- क्या आपने कभी किसी के घर मेहमान बनकर कुछ दिन बिताए हैं ?
- क्या आपके यहाँ कभी कोई मेहमान बनकर ठहरा ?

**(b) Welche Ausdrücke gehören zusammen?**

| | |
|---|---|
| जो | तो |
| जहाँ | उतना |
| जब | वैसे ही |
| जैसे ही | वह |
| जहाँ तक | वहाँ |
| जितना भी | वहाँ तक |

**(c) Ergänzen Sie den Text.**

मैं अगले हफ़्ते आ रहा हूँ।

1. ________ दिन तुम्हें रहना हो, तुम बेझिझक मेरे कमरे में रह सकते हो।
2. ______ औरत बगल वाले घर में रहती है, ______ तुम्हें घर की चाबी दे देगी।
3. ________ तुम दरवाज़ा खोलोगे, ______ बाईं तरफ़ दूसरा कमरा मेरा है।
4. ______ मेज़ पर किताबें रखी हैं, ______ तुम्हें एक काली डायरी मिलेगी,
5. ______ में नेट का पासवर्ड लिखा है।
6. ______ खाने की बात है, वह तो तुम जानते ही हो।
7. ______ कुछ पता न चले, ______ मुझे फ़ोन कर लेना।
8. ______ तुम्हें कहीं जाना होगा, ______ चाबी साथ ही ले जाना।

**(d) Rollenspiel**

आप अभी किसी दूसरे शहर में हैं और पीछे से आपका एक दोस्त आपके घर में रहने के लिए आएगा। अपने दोस्त को जो घर में रहने के लिए ज़रूरी जानकारी है, वह फ़ोन करके बताइए।

**29.5** ***Das Wetter***

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आपको कौन-सा मौसम सबसे ज़्यादा पसंद है ?

**(b) Schreiben Sie einen Text, indem Sie die Sätze verbinden.**

| | |
|---|---|
| जिन इलाकों में गर्मी पड़ती है | तो एक गरम कोट पहनना है |
| जहाँ काफ़ी ठंड पड़ती है | वहाँ लोग खुले कपड़े पहनते हैं |
| जब धूप बहुत तेज़ होती है | वहाँ लोग गरम कपड़े पहनते हैं |
| जब बारिश के मौसम में बाहर जाते हैं | तब भी छाता लेकर चल सकते हैं |
| जब बर्फ़ गिरती है | उस वक़्त घर से बाहर कदम भी नहीं |
| जिस वक़्त आँधी चल रही हो | तो छाता लेकर जाते हैं ॥ रखना चाहिए |

*भारत में कई मौसम होते हैं और लोग अपने कपड़े भी उसी हिसाब से पहनते हैं।*
*जिन इलाकों में ...*

**(c)** ***Delhi im Winter*** **– Ergänzen Sie den Text.**

| तो | लेकिन | तब भी | जब – तो | इतना – कि | -ने के लिए |
|---|---|---|---|---|---|

दिल्ली की सर्दी

1. ___ मैं पहली बार दिल्ली गया था, ___ मैं सिर्फ़ गर्मियों के कपड़े लेकर गया था।
2. ______ भारत के कुछ इलाके जाड़े में बहुत ठंडे भी हो सकते हैं।
3. होटल के कमरे में भी ______ सर्दी लग रही थी, ___ मैं ठंड से जम सा गया था।
4. सर्दी दूर करने ______ मैंने गरम चाय पी।
5. ______ मुझे सर्दी से राहत नहीं मिली।
6. ___ मैंने होटलवालों को बोलकर अपने कमरे में एक हीटर रखवाया।

**(d) Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जब बाहर तेज़ धूप है | जब बारिश पड़ती है | जब बाहर कोहरा है | जब बर्फ़ गिरती है |
| जब ओले पड़ते हैं | जब आँधी चलती है | जब बाढ़ आती है | जब बाहर अंधेरा है |

# 30 तीसवाँ अध्याय

## 30.1 Passive Verbalkonstruktionen

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आपने कौन-सी भारतीय भाषाओं के नाम सुने हैं ?

**(b) *Länder und Sprachen Indiens* – Verbinden Sie die Namen.**

| | |
|---|---|
| हिंदी | आंध्र प्रदेश |
| बांगला | महाराष्ट्र |
| मराठी | उत्तर प्रदेश |
| तेलुगु | तमिलनाडु |
| तमिल | बंगाल |

**(c) Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

*हिंदी कहाँ बोली जाती है ?* → *हिंदी उत्तर प्रदेश में बोली जाती है ।*

**(d) Antworten Sie auf diese Fragen.**

- हिंदी और कहाँ-कहाँ बोली जाती है ?
- भारत में और कौन-सी भाषाएँ बोली जाती हैं ? कहाँ-कहाँ बोली जाती हैं ?
- दूसरे दक्षिण एशियाई देशों में कौन-सी भाषाएँ बोली जाती हैं ?

*हिंदी उत्तर प्रदेश में बोली जाती है । इसके अलावा ...*

**(e) Wie bildet und verwendet man passive Verbalkonstruktionen?**

**(f) Fragen für Gespräche**

- आपको कौन-सी भाषाएँ आती हैं ?
- आपके घर में कौन-सी भाषाएँ बोली जाती हैं ?
- जो आपको भाषाएँ आती हैं, वे आपने कैसे सीखीं ?
- आप आगे और कौन-सी भाषाएँ सीखना चाहते हैं ?

**30.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a) *Kochen***

| | | |
|---|---|---|
| बर्तन धोना / धुलना | सब्ज़ियाँ, छीलना / छिलना | सब्ज़ियाँ, काटना / कटना |
| पानी, उबालना / उबलना | रोटियाँ पकाना / पकना | सब्ज़ी, बनाना / बनना |

1. धोना — *कोई बर्तन धो रहा है।*
2. धोया जाना — *बर्तन धोए जा रहे हैं। (किसी के द्वारा)*
3. धुलना — *बर्तन धुल रहे हैं।*

**(b) *Bauen***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एक घर | स्कूल | इमारतें | सड़क | मेट्रो |

बनाया जाना

*1. वहाँ एक घर बनाया जा रहा है।*
*2. वहाँ एक घर बनाया जाएगा / ... बना दिया जाएगा।*
*3. वहाँ एक घर बनाया गया / ... बना दिया गया।*
*4. वहाँ एक घर बनाया गया था / ... बना दिया गया था।*

घर / घर को

*5. यहाँ एक घर बनाया गया।*
*6. इस घर को पिछले साल बनाया गया।*

बनना

*7. वहाँ एक घर बन रहा है / बनेगा / बना है।*

**(c) *Freizeit***

| | | | |
|---|---|---|---|
| फ़िल्म देखना | क्रिकट मैच देखना | बाहर खाना खाना | गाड़ी में घूमना |

1. किया जाए ? — *फ़िल्म देखी जाए ? – फ़िल्म देखी जा सकती है।*
2. कर सकते हैं — *फ़िल्म देख सकते हैं।*
3. चलो, करते हैं ! — *चलो, फ़िल्म देखने चलते हैं !*

(d) *Sprachen*

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हिंदी | बांगला | तमिल | पंजाबी | ... | | |
| अरबी | फ़ारसी | तुर्की | ... | | | |
| चीनी | जापानी | कोरियाई | ... | | | |
| पुर्तगाली | अंग्रेज़ी | रूसी | फ़्रांसीसी | इतालवी | जर्मन | ... |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कहाँ ? | *हिंदी कहाँ बोली जाती है ?*<br>*– हिंदी ... में बोली जाती है।* |
| 2. | (लोग) बोलना | *इस देश में हिंदी बोलते हैं।* |
| 3. | बोला जाना | *यहाँ हिंदी बोली जाती है।* |
| 4. | (लोग) समझना | *उस देश में हिंदी समझते हैं।* |
| 5. | समझा जाना | *वहाँ हिंदी समझी जाती है।* |
| 6. | चलना | *इस देश में हिंदी चलती है।* |

**30.3 *Dimpal in Taiwan***

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपको विदेश में कभी कोई त्यौहार मनाने का मौका मिला ?

**(b) Was bedeuten diese Ausdrücke?**

| | | |
|---|---|---|
| बड़ी उड़नेवाली लालटेनें दुकानों से खरीदना | लालटेनों पर संदेश लिखना | |
| लालटेन के नीचे आग जलाना | लालटेन हवा में छोड़ना | लालटेन दूर से देखना |

**(c) Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

ताइवान का लालटेन उत्सव कैसे मनाया जाता है ?

*बड़ी उड़नेवाली लालटेनें ...*

**(d)** **Lesen Sie den Text.**

डिंपल ताइवान में

डिंपल अपने पति विनीत के साथ पिछले छह महीने से ताइपे में रह रही है। विनीत काम के सिलसिले में जुलाई में ताइवान आया था। यह पहला मौका है, जब डिंपल भारत से बाहर विदेश में रह रही है। यहाँ हर जगह चीनी भाषा बोली जाती है। जब डिंपल भारत में थी, तो उसे लगता था, कि अंग्रेज़ी बोलकर कहीं भी काम चलाया जा सकता है, पर ताइवान आकर उसका यह भ्रम टूट गया।

एक दिन डिंपल और विनीत पिंग्शी घूमने गए, जो उत्तर ताइवान में एक छोटा-सा कस्बा है। जिस दिन वे वहाँ गए थे, उस दिन ताइवान का एक मशहूर उत्सव मनाया जा रहा था, जिसमें लोगों द्वारा बड़ी बड़ी लालटेनें जलाकर हवा में छोड़ी जाती हैं। उस उत्सव के बारे में दोनों ने नेट पर पढ़ा था और तब से उनका बहुत मन था यहाँ आकर उत्सव देखने का। उत्सव वाले दिन वे दोपहर को दो ट्रेन बदलकर पिंग्शी पहुँचे। वहाँ पहुँचकर उन्होंने पहले शीफ़ेन का मशहूर झरना देखा। उसके बाद पिंग्शी बाज़ार पहुँचे, जहाँ पर बहुत लोग मौजूद थे और लालटेन उत्सव मनाया जा रहा था। तब डिंपल ने विनीत से कहा कि चलो, हम भी एक लालटेन हवा में उड़ाएँ !

**(e)** **Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. डिंपल कितने समय से ताइवान में रह रही है ?
2. क्या वह वहाँ नौकरी कर रही है ?
3. क्या डिंपल को चीनी भाषा आती है ?
4. डिंपल और विनीत पिंग्शी क्या करने गए थे ?
5. पिंग्शी का लालटेन उत्सव कैसे मनाया जाता है ?
6. लालटेन उत्सव के अलावा उन्होंने पिंग्शी में क्या देखा ?

**(f)** **Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(g)** **Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(h)** **Übersetzen Sie den Text.**

## 30.4 *Lieder, Filme, Romane ...*

**(a) Was bedeuten diese Wörter?**

| फ़िल्में | गाने | समाचार | कहानियाँ | कविताएँ | उपन्यास |
|---|---|---|---|---|---|

**(b) Suchen Sie passende Verben aus und bilden Sie Sätze nach dem Beispiel:**

| बनाना | लिखना | गाना | देखना | दिखाना | सुनना | सुनाना | पढ़ना |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

*फिल्में बनाई जाती हैं, ...*

**(c) Bilden Sie passive Verbalkonstruktionen im Präsens, Präteritum und Futur und übersetzen Sie sie.**

1. पढ़ना (3. Sg. f.) 2. लिखना (3. Sg.m.) 3. देखना (3. Pl. f.) 4. सुनना (3. Pl. m.)

**(d) Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und ergänzen Sie den Text.**

है  है  बनी हैं  बनाई गई हैं  दिखाया गया है
किए जाते हैं  डाला गया  लाए गए

1. एकता (21) को फिल्में देखने का बहुत शौक ______ ।
2. उसका मानना ______ , कि जो फ़िल्में 50 और 60 के दशक में ______ ,
3. उनके गाने आज भी पसंद ______ ।
4. 70 के दशक में तब के निर्देशकों द्वारा कई नए विषय सामने ______ ।
5. 80 के दशक में फ़िल्मों के द्वारा समाज की समस्याओं पर प्रकाश ______ ,
6. और जो फ़िल्में 90 के दशक में ______ ,
7. उनमें भारत का एक बदलता समाज ______ ।

**(e) Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| फ़िल्म | गाना | ब्लॉग | किताब | कविता |
|---|---|---|---|---|

- आप किसी एक फ़िल्म के बारे में बताइए, जो आपको बहुत पसंद आई।
- आपको किसकी फ़िल्में पसंद हैं ?
- आप आम तौर पर किस तरह की फ़िल्में पसंद करते हैं ?

## 30.5 *In Delhi*

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आप कभी दिल्ली गए हैं ?

**(b) Transliterieren und transkribieren Sie die folgenden Namen. Vergleichen Sie sie mit der angloindischen Schreibweise.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लाल किला | चाँदनी चौक | कनॉट प्लेस | जनपथ | इंडिया गेट |
| निज़ामुद्दीन | हुमायूँ का मकबरा | हौज़ खास | कुतुब मीनार | |

**(c) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपने कभी इन जगहों में से किसी का नाम सुना है ?

**(d) Was bedeuten diese Ausdrücke? Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

| | |
|---|---|
| पुरानी दिल्ली / लाल किला देखना | मेहरौली / कुतुब मीनार देखना |
| निज़ामुद्दीन / हुमायूँ का मकबरा देखना | राष्ट्रीय संग्रहालय / प्राचीन मूर्तियाँ देखना |
| कनॉट प्लेस / किसी रेस्तराँ में खाना खाना | इंडिया गेट / शाम बिताना |

दिल्ली में देखने के लिए क्या-क्या है ?

*पुरानी दिल्ली जाकर लाल किला देखा जा सकता है।*

**(e) Was bedeuten diese Ausdrücke? Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मॉल में जाना | पार्क में सैर करना | किला देखना | मंदिर में जाना | |
| गुरद्वारे में जाना | मस्जिद में जाना | दरगाह जाना | मकबरा देखना | बावली देखना |

- क्या आप कभी किसी मॉल में गए हैं ?
- पिछली बार आप मॉल कब गए थे ?

**(f) Antworten Sie auf diese Fragen.**

- आप किसी एक शहर के बारे में बताइए, जिसकी आपको अच्छी जानकारी है।
- आप पिछली बार वहाँ कब गए थे ?
- वहाँ क्या-क्या किया जा सकता है ?

# 31 इकतीसवाँ अध्याय

**31.1 Progressive und kompletive Verbalkonstruktionen**

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

पिछली बार आप कब घूमने कहीं गए थे ?

**(b) *Surbhi und Ajay machen einen Ausflug.* – Was bedeuten diese Ausdrücke?**

| | | |
|---|---|---|
| फ़ोन का चार्जर रखना | पैसे निकलवाने जाना | रास्ते के लिए खाना तैयार करना |
| टिकट रखना | सारा सामान लगाना | स्टेशन के लिए टैक्सी बुक कराना |

**(c) Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

अजय और सुरभि शाम को बीकानेर के लिए निकलेंगे।

सुरभि *क्या तुम फ़ोन का चार्जर रख चुके हो ?*

अजय *नहीं, मैं अभी फ़ोन का चार्जर रख रहा हूँ।*

…

**(d) Wie bildet und verwendet man progressive und kompletive Verbalkonstruktionen?**

**(e) *Alltag* – Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खाना खाना | कल की तैयारी करना | असाइनमेंट लिखना | किताबें वापस करना |
| कपड़े धोना | कमरा साफ़ करना | बाज़ार से सामान लाना | … |

- क्या तुमने खाना खा लिया है ?
- क्या तुम खाना खा चुके हो ?

**31.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a)** ***Morgens***

| | | | |
|---|---|---|---|
| उठना | तैयार होना | बैग लगाना | जुर्राबें पहनना |
| मोबाइल वग़ैरह सँभालना | जूते पहनना | घर से निकलना | |

| | | |
|---|---|---|
| मैं | *1. मुझे उठना है।* | *(... उठना था)* |
| तुम | *2. मैं उठ रहा हूँ।* | *(... उठ रहा था)* |
| मेरा दोस्त | *3. मैं उठ चुका हूँ।* | *(... उठ चुका था)* |
| ... | *4. मैं उठ गया हूँ।* | *(... मैं उठ गया था)* |

**(b)** ***Putzen***

| | | |
|---|---|---|
| चादर झाड़कर बिछाना | कंबल की तह लगाना | तकिए सजाकर रखना |
| झाड़ू लगाना | कूड़ा इकट्ठा करना | पोंछा लगाना |
| पंखा चलाकर फ़र्श सुखाना | दरी बिछाना | कूड़ा फेंकना |

| | | |
|---|---|---|
| वह | *1. (उसे) चादर झाड़कर बिछानी है।* | *(... बिछानी थी)* |
| हम | *2. वह चादर झाड़कर बिछा रहा है।* | *(... बिछा रहा ता)* |
| ... | *3. वह चादर झाड़कर बिछा चुका है।* | *(... बिछा चुका था)* |
| | *4. उसने चादर झाड़कर बिछा दी है।* | *(... बिछा दी थी)* |

**(c)** ***Tee machen***

| | | | |
|---|---|---|---|
| पानी भरना | पानी उबालना | इलायची पीसना | चायपत्ती डालना |
| शक्कर डालना | इलायची डालना | दूध डालना | सब मिलाकर उबालना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं | *1. (मुझे) पानी भरना है।* | *(... भरना था )* | *(...पहले /* |
| वह | *2. मैं पानी भर रही हूँ।* | *(... भर रही थी)* | *फिर ...)* |
| ... | *3. मैं पानी भर चुकी हूँ।* | *(... भर चुकी थी)* | |
| | *4. मैंने पानी भर लिया है।* | *(... भर लिया था)* | |

**31.3** ***Shivam und Niraj fahren nach Ajmer***

**(a)** **Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपने कभी रात को ट्रेन में सफ़र किया ?

**(b)** **Lesen Sie den Text.**

अजमेर में एक दिन

शिवम और नीरज दोनों एक क्लास में थे। शिवम की सरकारी नौकरी लग चुकी है। नीरज को पढ़ाई के बाद अभी तक नौकरी नहीं मिली है, इसलिए उसे नौकरी की चिंता रहती है।

पिछली बार जब वे मिले, तो उन्होंने अजमेर जाने का प्लैन बनाया और पिछले शुक्रवार शाम को वे रात वाली ट्रेन से गए। पूरी रात का सफ़र करके वे तड़के-सवेरे अजमेर पहुँचे।

अजमेर पहुँचने के बाद दोनों ने पहले एक होटल ढूँढ़ा, जहाँ उन्होंने नहा-धोकर नाश्ता किया। नाश्ता करने के बाद वे हज़रत मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के लिए निकले। वहाँ उन्होंने दरगाह पर फूलों की चादर चढ़ाई और माथा टेका। उसके बाद उन्होंने अकबर का महल और श्वेतांबर जैन मंदिर देखा और फिर एक ढाबे में खाना खाया। शिवम पहले भी अजमेर देख चुका था, इसलिए उसको इन सारी जगहों की जानकारी थी। शाम को जब गर्मी कम थी, तो वे अनासागर झील के किनारे जाकर काफ़ी देर तक वहाँ बैठे रहे और पहाड़ों के नज़ारे और ठंडी हवा का आनंद लिया। फिर रात को उनकी वापसी हुई।

**(c)** **Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. शिवम और नीरज एक दूसरे को कैसे जानते हैं ?
2. जब वे पिछली बार मिले, तो उन्होंने कहाँ जाने का प्लैन बनाया ?
3. अजमेर में उन्होंने क्या-क्या किया ?
4. आपके हिसाब से वे क्यों अजमेर गए ?

**(d)** **Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e)** **Bestimmen Sie alle Verbal- und Satzkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung. Übersetzen Sie den Text.**

## 31.4 *Alltag*

**(a) Finden Sie die Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie sie.**

उठरहेहैंउठचुकेहैंउठरहेथेउठचुकेथेनिकलरहीहैनिकलचुकीथी

**(b) Bilden Sie progressive und kompletive Verbalkonstruktionen der Gegenwart und Vergangenheit.**

1. होना (3. Sg. m.) 2. करना (1. Sg. f.) 3. बनाना (1. Pl. m.) 4. पहुँचना (3. Pl. f.)

**(c) Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen.**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| होती है | हो गए हैं | करता है (2x) | बनाते हैं | जाता है | जाना पड़ता है |
| पहुँचता है | पहुँचती है | उठ चुकी होती है | उठ चुका होता है | | |

**(d)** ***Der Alltag von Rahul und Divya*** **− Ergänzen Sie die Verbalkonstruktionen.**

1. विशाल और निशा शादी के बाद बेंगलूरु शिफ़्ट ________ ।
2. विशाल एक कंपनी के लिए काम ________ ,
3. जहाँ उसको अमरीकी समय के हिसाब से रात को ऑफ़िस ________ ।
4. जब विशाल सुबह घर ________ , तो निशा ________ ।
5. फिर विशाल सोने ________ और निशा ऑफ़िस के लिए तैयार ________ ।
6. जब निशा शाम को घर ________ , तो विशाल ________ ।
7. शाम को दोनों लगके खाना ________ ,
8. और फिर विशाल ऑफ़िस जाने की तैयारी ________ ।

**(e) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आपका दिन कैसा जाता है ?

## 31.5 *Spiel* – Gehen Sie zu zweit ans Fenster. Schauen Sie aus dem Fenster und erzählen Sie ihrem Partner, was draußen passiert.

*तुम्हें बाहर क्या दिखाई दे रहा है ?* – *एक लड़की जा रही है ।*

*और क्या दिखाई दे रहा है ?* – *अभी एक गाड़ी जा रही है ।*

*क्या वह लड़की अभी भी वहाँ है ?* – *नहीं, वह जा चुकी है ।*

**31.6** ***Indienreise***

**(a) Bilden Sie progressive und kompletive Verbalkonstruktionen in der Gegenwart und Vergangenheit.**

1. जाना (1. Sg. f.) 2. घूमना (3. Sg. m.) 3. देखना (2. Pl. f.) 4. मिलना (1. Pl. m.)

**(b) Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen und ergänzen Sie die Texte.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गया | मिले | गया था | घूमता था | आए थे | कर रहा हूँ | देख चुके थे |

केविन, 23 साल

1. भारत मैं पहली बार अपना स्कूल खत्म करके ________ ।
2. तब मैं बस एक बैकपैक लेकर 5 महीने एक जगह से दूसरी जगह ________ ।
3. सबसे पहले मैं दिल्ली पहुँचा, जहाँ से मैं मुंबई से होकर गोवा ________ ।
4. रास्ते में मुझे मेरी उम्र के कई लड़के-लड़कियाँ ________ ,
5. जो मेरी तरह अलग-अलग देशों से भारत घूमने के लिए ________ ।
6. उनमें से कुछ तो पूरा भारत ________ ।
7. अब मैं इंडॉलोजी की पढ़ाई ________ और अगले महीने फिर से भारत जाऊँगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जाऊँगी | जा रहे हैं | गई थी | देखीं | देख पाई | होता है |

मीरा, 19 साल

1. हमारे घर में ज़्यादा घूमना-फिरना नहीं ________ ।
2. बचपन में भी मैंने बहुत ज़्यादा जगहें नहीं ________ ।
3. मैं पहली बार दक्षिण भारत अपनी सहेली प्रतिमा की वजह से ________ ।
4. पिछले साल मैं प्रतिमा के परिवार के साथ बेंगलूरु ________ ।
5. अगले महीने भी ये सब बेंगलूरु ________ ।
6. मैं फिर इनके साथ ________ ।

**(c) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आप भारत के कौन-कौन से शहर जानते हैं ? वहाँ घूमने के लिए क्या-क्या है ?

**(d)** **Transliterieren und transkribieren Sie die folgenden Ortsnamen. Vergleichen Sie die Umschriften mit der angloindischen Schreibweise.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | आगरा | जयपुर | पुष्कर | अमृतसर | ऋषिकेश | बनारस |

**(e)** **Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपने कभी इन शहरों में से किसी का नाम सुना है ?

**(f)** **Bilden Sie mit den Namen in (d) Dialoge nach dem Beispiel.**

| | |
|---|---|
| A. मैं अगले हफ़्ते दिल्ली जाने की सोच रहा हूँ। | 'überlegen' |
| B. मैं कई बार दिल्ली जा चुका हूँ। बहुत हटकर शहर है। | Kompletiv Ggw. |
| A. यह पहली बार है, जब मैं दिल्ली जाऊँगी। | Futur |

| | |
|---|---|
| A. मैं कल दिल्ली जा रहा हूँ। | Progressiv Ggw. |
| B. क्या तुम कभी पहले गए हो ? | Perfekt |
| A. हाँ, कई बार जा चुका हूँ। | Kompletiv Ggw. |

| | |
|---|---|
| A. सुनने में आया तुम दिल्ली जा रहे हो ? | Progressiv Ggw. |
| B. हाँ, मैं अगले हफ़्ते जाऊँगा। | Futur |
| A. वाह, मज़े करना ! पता नहीं मैं कब जा पाऊँगा। | 'können' im Futur |

**(g)** **Übersetzen Sie.**

1. Mira kommt aus Lakhnau. 2. Ihre Freundin Pratima kommt aus Bangalore, doch Pratimas Vater arbeitet in Lakhnau. 3. Deshalb wohnt Pratimas Familie in Lakhnau. 4. Pratimas Familie fährt oft nach Bangalore. 5. Mira ist letztes Jahr (schon) zusammen mit Ihnen nach Südindien gefahren. 6. Nächsten Monat will Mira wieder zusammen mit Ihnen (nach Bangalore) fahren.

**(h)** **Lesen Sie die Fragen und sprechen Sie miteinander.**

- क्या आप कभी भारत गए हैं ? क्या-क्या देख चुके हैं ?
- क्या आप कभी अपने घर से दूर रहे हैं ?

# 32 बत्तीसवाँ अध्याय

**32.1 Prospektiv**

**(a) Lesen Sie die Fragen und sprechen Sie miteinander.**

- क्या आपके घर में कभी कोई बड़ा फ़ंक्शन मनाया गया है ?
- पिछली बार आपके घर में कोई फ़क्शन कब मनाया गया था ?

**(b)** ***Die Verlobung von Pankajs Schwester*** **– Verbinden Sie die Ausdrücke.**

| | |
|---|---|
| मिठाइयाँ | बुलाना |
| टेंट वाले से | इंतज़ाम कराना |
| पंडित जी को | गाने के लिए बुलाना |
| मेहमानों के लिए चाय-पानी का | फ़ोन पर बात करना |
| पड़ोस की औरतों को | खरीदकर लाना |

**(c) Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

आज पंकज की बड़ी बहन की सगाई है।

*पिताजी* *क्या तुम मिठाइयाँ खरीदकर लाए ?*
पंकज *मैं अभी लानेवाला हूँ।*
...

**(d) Wie bildet und verwendet man prospektive Verbalkonstruktionen?**

**(e) Lesen Sie die Fragen und sprechen Sie miteinander.**

- क्या आप कभी किसी की सगाई में गए हैं ?
- क्या आप हाल ही में किसी के यहाँ एक बड़े फ़ंक्शन में गए हैं ?

**32.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a)** ***Nach Hause fahren***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| निकलना | ऑटो लेना | अपने घर जाना | घर पहुँचना | खाना खाना |

हम — *1. हमें निकलना है।*

वह — *2. हम निकलेंगे।*

… — *3. हम निकलनेवाले हैं।*

*4. हम निकल रहे हैं।*

*5. हम निकल चुके हैं।*

*6. हम निकले हैं।*

7. करनेवाला था, पर कर नहीं पाया — *हम निकलनेवाले थे, पर निकल नहीं पाए।*

**(b)** ***Im Urlaub***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नहाने जाना | नाश्ते के लिए जाना | होटल से निकलना | बस में बैठना | पहुँचना |

हम — *1. हमें नहाने जाना चाहिए। (अब / अभी / थोड़ी देर में)*

तुम — *2. हम नहाने जाएँगे।*

मैं — *3. हम नहाने जानेवाले हैं।*

… — *4. हम नहाने जा रहे हैं।*

*5. हम नहाने गए।*

*6. हम नहाने जाने ही वाले थे, कि उसका फ़ोन आ गया।*

**(c)** ***Unterwegs***

| | |
|---|---|
| ट्रेन – आना / खुलना / छूटना | बस – चलना / निकलना / रुकना |
| हवाई जहाज़ – लगना / उड़ना / पहुँचना | जहाज़ – निकलना |

1. अभी — *ट्रेन अभी (थोड़ी देर में) आनेवाली है।*
2. जब, तो — *जब ट्रेन आनेवाली थी, तो तुम कहाँ रह गए थे ?*

**(d)** ***Uhrzeit***

| चार | सवा चार | साढ़े चार | पौने पाँच | पाँच |
|---|---|---|---|---|

1. बजनेवाले हैं — *चार बजनेवाले हैं।* — *(अभी ...)*
2. बजने में होना — *चार बजने में पाँच मिनट हैं।*
3. बज रहे हैं — *चार बज रहे हैं।*
4. बजे हैं — *चार बजे हैं।*
5. बज गए हैं — *चार बज गए है।*

**(e)** ***Wollen Sie heute hierbleiben?***

| आज यहाँ रुकना | कहीं जाना | निकलना | किसी से मिलना | कुछ कहना |
|---|---|---|---|---|

1. करना चाहते हैं — *क्या आप आज यहाँ रुकना चाहते हैं ? – हाँ।*
2. करना चाहते थे — *क्या आप आज यहाँ रुकना चाहते थे ?*
3. करना है — *क्या आपको आज यहाँ रुकना है ?*
4. करना था — *क्या आपको आज यहाँ रुकना था ?*
5. करनेवाले हैं — *क्या आप आज यहाँ रुकनेवाले हैं ?*
6. करनेवाले थे — *क्या आप आज यहाँ रुकनेवाले थे ?*

**(f)** ***Ereignisse***

| | | | |
|---|---|---|---|
| चुनाव, होना | सरकार, गिरना | नई सरकार, बनना | नया कानून, आना |
| क्रिकेट विश्व कप, भारत में होना | मॉनसून, जल्दी आना | कुंभ का मेला, लगना | |

1. होगा — *इस साल चुनाव होंगे।*
2. होनेवाला है — *इस साल चुनाव होनेवाले हैं।*
3. हुआ — *पिछले साल चुनाव हुए।*
4. हुआ था — *पिछले साल इन्हीं दिनों चुनाव हुए थे।*

**32.3** ***Miras letztes Semester***

**(a)** **Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

आप पढ़ाई के बाद क्या करना चाहते हैं ?

**(b)** **Lesen Sie den Text.**

मीरा

मीरा चौबीस साल की है और दिल्ली में वसंत विहार में रहती है। बाकी सालों से यह साल मीरा के लिए काफ़ी अलग रहनेवाला है। इस साल उसकी डिग्री पूरी होनेवाली है और घर में उसकी शादी की भी बात चल रही है। पिछले हफ़्ते उसके लिए एक रिश्ता आया था। लड़का अच्छा कमाता था, लेकिन मीरा ने रिश्ते के लिए इनकार कर दिया, क्योंकि लड़केवालों को नौकरी वाली बहू नहीं चाहिए थी।

मीरा चाहती है, जैसे ही उसकी पढ़ाई खत्म हो, वैसे ही उसकी कहीं नौकरी लगे और जितनी जल्दी हो सके, वह अपने पैरों पर खड़ी हो जाए। मीरा का मानना है, कि जीवन में किसी पर भी निर्भर नहीं होना चाहिए। वह यह भी मानती है, कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए लगातार पढ़ाई करना बहुत ज़रूरी है। इसलिए भले ही वह अभी नौकरी की तलाश में हो, लेकिन उसने पुणे में एक एमबीए कोर्स का पता भी कर लिया है। जब कभी नौकरी के दौरान उसे समय मिलेगा, तो वह ऑनलाइन आगे पढ़ना चाहेगी।

**(c)** **Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. मीरा कितने साल की है और कहाँ की रहनेवाली है ?
2. यह साल मीरा के लिए क्यों अलग जानेवाला है ?
3. पिछले हफ़्ते क्या हुआ ?
4. मीरा अभी शादी क्यों नहीं करना चाहती है ?
5. मीरा पढ़ाई खत्म करके क्या करना चाहती है ?
6. क्या मीरा आगे पढ़ना चाहती है ?

**(d)** **Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e)** **Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(f)** **Übersetzen Sie den Text.**

**32.4** ***Besuch***

**(a)** **Finden Sie die Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie sie.**

आएँगेआतेहैंआनेवालेहैंआरहेहैंआचुकेहैंआएहैंआएथे

**(b)** **Bilden Sie Verbalkonstruktionen im Futur und Prospektiv und übersetzen Sie sie.**

1. निकलना (3. Sg. f.) 2. आना (1. Pl. m.) 3. पहुँचना (2. Pl. f.)

4. मिलना (1. Pl. f.) 5. होना (3. Sg. m.) 6. खाना (1. Pl. m.)

**(c)** **Bilden Sie die folgenden Verbalkonstruktionen. Übersetzen Sie die Sätze. In welchen Zusammenhängen kann man diese Verbakonstruktionen verwenden?**

| | | |
|---|---|---|
| Konjunktiv: | *हम खाना बनाएँ।*<br>*Wir könnten kochen.* | *मेहमान आएँ।*<br>*Die Gäste könnten kommen.* |
| Nezessitativ Ggw.: | | |
| Futur: | | |
| Prospektiv Ggw.: | | |
| Progressiv Ggw.: | | |
| Präsens: | | |
| Präteritum: | | |
| Plusquamperfekt: | | |

**(d)** ***Vorbereitungen* – Finden Sie weitere Handlungen und bilden Sie Dialoge nach dem Beispiel.**

| |
|---|
| समोसे ले आना एटीएम से पैसे निकलवाकर ले आना सलाद काट देना |
| कमरा साफ़ कर देना बिस्तर पर नई चादर बिछा देना … |

A. क्या तुम समोसे ले आए हो ?
B. मैं समोसे ले आनेवाला था, लेकिन माँ ने मुझे और काम में लगा दिया।
A. काम बाद में करना ! अभी फ़ौरन जाकर समोसे ले आओ !

A. मैं अभी समोसे ले आता हूँ।
B. तुम्हारे पिताजी समोसे ला चुके हैं।
A. अच्छा, तो मैं एटीएम से पैसे निकलवाकर ले आता हूँ।

**(e)** **Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen:**

| |
|---|
| है हैं करते हैं मिलते हैं बनाया है बनाई गई है खाएँगे |
| लगी हुई है आनेवाले हैं पहुँचने ही वाले हैं |

**(f)** ***Am Abend bekommen wir Gäste.* − Ergänzen Sie die Verbalkonstruktionen.**

1. अभी शाम को हमारे घर मेरी बुआ-फूफा जी और उनके बच्चे ______________ ।
2. मेरी माँ सुबह से रसोई में तैयारियों में ______________ ।
3. माँ ने गोभी आलू की सब्ज़ी, पूरी और पुलाव के साथ रायता ______________ ।
4. मेहमानों के लिए खीर भी ______________ ।
5. बुआ के दो बच्चे ______ – रवि और कविता दीदी।
6. रवि मेरी उम्र का ______ और जब हम ______________ , तो काफ़ी बातें ______________ ।
7. पापा भी थोड़ी देर में घर ______________ ।
8. फिर हम साथ खाना ______________ ।

**(g)** **Fragen für Gespräche**

- जब आपके घर मेहमान आते हैं, तो आप उनकी आवभगत कैसे करते हैं ?
- पिछली बार आपके घर मेहमान कब आए थे ?

# 33 तैंतीसवाँ अध्याय

**33.1 Verbalkonstruktionen im Potentialis und Präsumptiv**

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आपके दोस्त कहाँ-कहाँ रहते हैं ?

**(b) *Marie macht ein Praktikum* – Was bedeuten diese Ausdrücke?**

| | | |
|---|---|---|
| दूतावास में काम करना | किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी करना | खाना खाना |
| पॉडकास्ट बनाना | मीटिंग में होना | अपने दोस्तों के साथ कहीं बाहर घूमना |

**(c) *Was Marie wohl gerade macht?* – Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

मरीए डेनमार्क की रहनेवाली है। आजकल वह छह महीने के लिए दिल्ली में है।

*अभी वह दूतावास में काम कर रही होगी।*

*या फिर वह ...*

...

**(d) Wie bildet und verwendet man Verbalkonstruktionen im Potentialis und Präsumptiv?**

**(e) Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दोस्त | सहेली | माँ | पिता | भाई | बहन | ... | पहला प्यार |

- आपका दोस्त कहाँ है ?
- आपका दोस्त क्या करता है ?
- अभी आपका दोस्त कहाँ होगा ?
- वह अभी क्या कर रहा होगा ?

**33.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a) *Zu Hause***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आना | अखबार पढ़ना | टी.वी. देखना | खाना खाना | घर से निकलना |

| | | |
|---|---|---|
| वह | *1. वह आता होगा।* | */ मानो वह आता हो।* |
| मेरी बहन | *2. वह आया होगा।* | */ मानो वह आया हो।* |
| … | *3. उसे आना होगा।* | */ मानो उसे आना हो।* |
| | *4. वह आनेवाला होगा।* | */ मानो वह आनेवाला हो।* |
| | *5. वह आ रहा होगा।* | */ शायद वह आ रहा हो।* |
| | *6. वह आ चुका होगा।* | */ शायद वह आ चुका हो।* |

**(b) *Nach dem Unterricht***

| | | |
|---|---|---|
| कॉलेज से वापस आना | अपना कमरा साफ़ करना | कॉलेज का काम करना |
| टी.वी. देखकर सोना | बाहर से रात का खाना मँगवाना | खाना खाना |

| | |
|---|---|
| वह | *1. वह (अभी) कॉलेज से वापस आ रही होगी।* |
| मेरी सहेली | *2. वह (अब तक) कॉलेज से वापस आ चुकी होगी।* |
| … | *3. वह (तब तक) कॉलेज से वापस आ गई होगी।* |
| | |
| | *4. क्या पता, वह (अभी) कॉलेज से वापस आ रही हो।* |
| | *5. हो सकता है, वह (अब तक) कॉलेज से वापस आ गई हो।* |

**(c) *Zu Hause in Indien***

| | | |
|---|---|---|
| भारत में डेढ़, बजना | मेरी माँ, खाना बनाना | मेरे पिताजी, आज घर पर ही होना |
| मेरा छोटा भाई, क्रिकेट खेलना | मेरा बड़ा भाई, अपने दोस्तों से मिलने जाना | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | करनेवाला होगा | *(मुझे लगता है) अभी भारत में डेढ़ बजनेवाले होंगे।* |
| 2. | कर रहा होगा | *अभी भारत में (पक्का) डेढ़ बज रहे होंगे।* |
| 3. | कर लिया होगा | *(मेरे ख़्याल से) अभी भारत में डेढ़ बज गए होंगे।* |

### 33.3 *Nehas Verlobung*

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आप कभी किसी की सगाई में गए हैं ?

**(b) Lesen Sie den Text.**

नेहा की सगाई

नेहा रुद्रपुर में रहती है, जो उत्तराखंड में है। आज शाम को उसकी सगाई है। काफ़ी दिनों से घर में तैयारियाँ चल रही हैं। पिछले महीने लड़के के परिवारवालों ने अपने किसी रिश्तेदार के हाथों नेहा के लिए रिश्ता भिजवाया था। चूँकि लड़केवाले दूसरे शहर के रहनेवाले हैं, नेहा के पिताजी ने आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में पता करवाया, कि लड़के का खानदान कैसा है और लड़का कैसा है – कहीं सिगरेट-शराब तो नहीं पीता होगा।

सगाई का प्रोग्राम शाम 7 बजे से शुरू होगा। छत पर टेंट सुबह ही लग गया था और अभी मेहमानों के लिए खाना बन रहा है। करीबन 200 लोग आ रहे होंगे। नेहा अपनी बहन के साथ पार्लर गई है। लड़के के परिवारवाले बरेली से चल चुके होंगे।

शाम को लड़का-लड़की आकर सबके सामने मंच पर बैठेंगे और जब सगाई की रस्में पूरी हो चुकी होंगी, तो दोनों बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लेंगे और सब उनके साथ फ़ोटो खिंचवाएँगे। फिर पंडित द्वारा शादी की तारीख तय की जाएगी। अगर सब कुछ सही रहता है, तो छह महीने के अंदर शादी हो जाएगी।

**(c) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. नेहा के परिवारवालों को यह रिश्ता कैसे मिला ?
2. नेहा के पिताजी के लिए रिश्ते में देखना क्या ज़रूरी था ?
3. क्या लड़केवाले रुद्रपुर से हैं ?
4. सगाई में कितने लोग आएँगे ?
5. सगाई में क्या-क्या होगा ?

**(d) Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e) Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie den Text.**

**33.4** ***Zukunft***

**(a)** **Finden Sie die Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie sie.**

बनराहाहोबनचुकाहोगाबनताहोबननाहोगाबनाहोबनगयाहोगा

**(b)** **Bilden Sie Verbalkonstruktionen im Potentialis und Präsumptiv und übersetzen Sie sie.**

| | | |
|---|---|---|
| Progressiv: | *वह कर रही हो।*<br>*sie macht wahrscheinlich gerade* | *वह कर रही होगी।*<br>*sie macht wohl gerade* |
| Imperfektiv: | | |
| Nezessitativ: | | |
| Prospektiv: | | |
| Perfektiv: | | |
| Kompletiv: | | |

**(c)** **Formen Sie die Verbalkonstruktionen um und übersetzen Sie sie.**

1. वह आती है, वह आ रही है, वह आ गई है → präsumptiv
2. मुझे मिलता है, मुझे मिला, मुझे मिलना चाहिए → potentiell

**(d)** **Verbinden Sie die Ausdrücke und bilden Sie Sätze.**

| | |
|---|---|
| मैं विदेश में | बन गया हूँ। |
| मैं अपने घर में | काम कर रहा हूँ। |
| मेरी अपनी गाड़ी | हो चुकी है। |
| मेरी शादी | रह रहा हूँ। |
| मैं एक छोटी-सी कंपनी का मालिक | है। |

**(e)** **Formulieren Sie die Sätze in (d) um und unterhalten Sie sich.**

*क्या आज से पाँच साल बाद आपकी शादी हो चुकी होगी ?*

*→ हो सकता है / शायद / क्या पता / कौन जाने / मुझे नहीं लगता है, कि…*

**(f)** **Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रहूँ | हो | करूँगी | होगा | हो जाएगी | हो चुकी होगी | होना चाहती हूँ |

**(g)** ***Ananya (23) erzählt.*** **– Ergänzen Sie die Sätze.**

1. इस साल मेरी पढ़ाई खत्म ________ ।
2. पढ़ाई के बाद मैं पहले शायद किसी कंपनी में इंटर्नशिप ________ ।
3. मेरा सपना है, कि एक दिन मेरा अपना बिज़नेस ________ ।
4. तब तक शायद मेरी शादी भी ________ ।
5. और मेरा अपना घर ________ ।
6. मैं कभी नहीं चाहूँगी, कि मैं पैसों के लिए किसी पर भी निर्भर ________ ।
7. मैं खुद अपने पैरों पर खड़ी ________ ।

**(h)** **Übersetzen Sie.**

1. Zwar ist Rishab von Beruf Ingenieur, aber soweit ich ihn kenne (kannte), mochte er schon seit jeher gerne kochen. 2. Als wir uns das letzte Mal getroffen hatten, erzählte er, dass er gerade eine App macht, mit der er sein Essen zu jedem Haus liefern kann. 3. Ich denke, (bis) jetzt hat die App wohl gemacht und wird wohl auch zu den Leuten das Essen bringen.

**(i)** **Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| छह महीने | एक साल | तीन साल | दस साल | … |

- आनेवाले छह महीनों में आप कहाँ होंगे ?
- आज से (पूरे) छह महीने बाद आप क्या कर रहे होंगे ?
- आप छह महीने बाद अपने आपको किस मुकाम पर देखना चाहेंगे ?

**33.5** ***Ein alter Freund***

**(a)** **Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपका कोई दोस्त है, जिससे आप अब संपर्क में नहीं हैं ?

**(b)** **Welche Sätze bedeuten dasselbe?**

1. हो सकता है, वह अभी भी पहली वाली जगह पर काम करता होगा।
2. शायद उसकी शादी हो चुकी होगी।
3. क्या पता, उसने अपना घर नहीं बदला होगा।

क. हो सकता है, वह वहीं रहता होगा।
ख. अब तक तो उसकी शादी भी हो गई होगी।
ग. मेरे ख्याल से वह अभी भी उसी कंपनी में लगा होगा।

**(c)** ***Ob sie immer noch ...*** **– Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| थी | हुई है | चली गई | पढ़ती थी | लग गई थी | ले ली होगी | कर ली होगी |

**(d)** **Ergänzen Sie die Verbalkonstruktionen.**

1. कॉलेज में मेरे साथ एक लड़की ______ ,
2. जो मेरी अच्छी दोस्त ______ ।
4. कॉलेज के बाद उसकी नौकरी वैंकूवर में ______
5. और वह कनाडा ______ ।
6. तब से हमारी बात नहीं ______ ।
7. अब तक तो उसने वहाँ शादी भी ______ ।
8. और शायद वहाँ की नागरिकता भी ______ ।

**(e)** **Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दोस्त | सहेली | चचेरा भाई | रिश्तेदार | स्कूल का दोस्त | … |

- क्या आपका कोई दोस्त है, जिससे आप बहुत दिनों से नहीं मिले हैं ?
- क्या आपका कोई दोस्त है, जिससे आपकी लंबे समय से बातचीत नहीं है ?

# 34 चौंतीसवाँ अध्याय

**34.1 *Sein***

**(a) Lesen Sie die Fragen und unterhalten Sie sich.**

- आपका देश किस चीज़ के लिए मशहूर है ?
- आपके देश के अलावा आप बाकी देशों की कौन-कौन सी मशहूर चीज़ें जानते हैं ?

**(b) *Spezialitäten* – Was bedeuten diese Wörter?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पंजाब – गेहूँ | हिमाचल – सेब | उत्तर प्रदेश – आम | बंगाल – मिठाइयाँ |
| असम – चाय | गुजरात – कपास | कर्नाटक – चंदन | केरल – मसाले |

**(c) Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

*पंजाब गेहूँ के लिए मशहूर है।*
*सुना है, पंजाब की गेहूँ सबसे अच्छी होती है।*
...

**(d) Wie verwendet man Existenzverben?**

**(e) Fragen für Gespräche**

- लोग आपके देश के बारे में क्या सोचते हैं ? आपके हिसाब से उसमें कितनी सच्चाई है ?
- लोग भारत के बारे में क्या सोचते हैं ? क्या आपको भी वैसा ही लगता है ?

**(f) *Männer und Frauen* – Diskutieren Sie über diese Sätze.**

सारे मर्द कामचोर होते हैं। सारी औरतें भावुक होती हैं। सारे मर्द बेवफ़ा होते हैं।
सारी औरतें बातूनी होती हैं। सारे मर्द कमीने होते हैं। ...

आपके हिसाब से ये वाक्य किस हद तक सच हैं ?

**34.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a)** ***Essen***

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पानी | खाना | दूध | सब्ज़ियाँ | केले | नारियल | मिठाइयाँ |

1. है *पानी है।* *(हमारे पास ... है / फ़्रिज में... है।)*
2. था *पानी था।* *(हमारे पास ... था / फ़्रिज में ... था।)*
3. चाहिए *पानी चाहिए।* *(हमें ... चाहिए।)*

**(b)** ***Obst***

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| केला | आम | लीची | अमरूद | तरबूज़ | सेब | अँगूर | नाशपाती |

1. है *ये केले अच्छे हैं।*
2. होता है *वहाँ के केले अच्छे होते हैं।*

**(c)** ***Gerichte***

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खाना | कढ़ी | नाश्ता | चाय | खीर | हलवा |

1. बनना (अभी) *खाना बन रहा है।*
2. बनना (पहले) *खाना बन गया है।*
3. अच्छा बनना *खाना अच्छा बना।*

**(d)** ***Berufe***

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अध्यापक | लेखक | कलाकार | अभिनेता | पुलिसवाला | फ़ौजी |

1. बनना चाहना *वह अध्यापक बनना चाहता है।*
2. बना *वह अध्यापक बना।*
3. है *वह अध्यापक है।*
4. था *वह अध्यापक था।*

**(e)** ***Orte***

| |
|---|
| विश्वविद्यालय में   पुस्तकालय में   दफ़्तर में   उसके घर   बगीचे में   पार्टी में |

1. था — *वह छह बजे तक विश्वविद्यालय में था।*
2. रहा — *वह छह बजे तक विश्वविद्यालय में रहा।*
3. रुका — *वह छह बजे तक विश्वविद्यालय में रुका।*

**(f)** ***Ereignisse***

| |
|---|
| परीक्षा   काम   मुलाकात   सगाई   शादी |

1. हुआ — *परीक्षा कैसी हुई ? – अच्छी हुई।*
2. रहा — *परीक्षा कैसी रही ?*
3. गया — *परीक्षा कैसी गई ?*

**(g)** ***Was ist geschehen?***

| |
|---|
| मैं मोटर साइकिल से कहीं जा रहा था।   गाड़ी बहुत तेज़ी मेरे बगल से गुज़री।<br>मैं मोटर साइकिल से गिर गया, लेकिन मुझे ज़्यादा चोट नहीं लगी। |

क्या हुआ ?   *क्या हुआ ? – मैं मोटर साइकिल से कहीं जा रहा था।*
– फिर क्या हुआ ?   *– फिर (उसके बाद) क्या हुआ ? –* ...

**34.3** ***Das Pensionsfest***

**(a)** **Lesen Sie die Fragen und unterhalten Sie sich.**

- आप अपने आपको अगले दस सालों में किस जगह देखना चाहेंगे ?
- जब आप काम कर रहे होंगे, तो अपने काम से आप क्या उम्मीदें रखेंगे ?

**(b) Lesen Sie den Text.**

काम का आखिरी दिन

शर्मा जी पिछले हफ़्ते सेवानिवृत्त हुए। काम का आखिरी दिन किसी भी आदमी की ज़िंदगी का एक बहुत महत्त्वपूर्ण दिन होता है। पिछले 32 सालों से शर्मा जी हिमाचल प्रदेश विद्युत विभाग में बतौर क्लर्क कार्यरत थे। हर सुबह वह बस से आते थे और शाम को शिमला की साफ़ हवा में पैदल घर जाते थे।

काम के आखिरी दिन शाम को उनके लिए दफ़्तर में एक छोटा सा प्रोग्राम भी रखा गया था, जिसमें उनके विभाग के सभी लोग मौजूद थे। सबसे पहले उनको एक गुलदस्ता दिया गया और एक ऊन की शॉल भेंट की गई। फिर सबने उनको मिलकर बधाई दी और उसके बाद, जब सब बैठ गए, तो सबने बारी-बारी सामने आकर शर्मा जी के साथ के अनुभवों पर दो शब्द रखे। सबके लिए चाय-समोसों का भी प्रबंध था।

शाम को जब वे घर पहुँचे, तो ढोल बजाकर और उन्हें पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया गया। उनके नज़दीक के रिश्तेदार भी आए हुए थे। देर रात तक प्रोग्राम चला और सबने बहुत मज़े किए।

**(c) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. शर्मा जी कितने साल तक हिमाचल प्रदेश विद्युत विभाग में थे ?
2. उनके काम का आखिरी दिन कैसा रहा ?
3. उनके काम के आखिरी दिन में क्या-क्या हुआ ?
4. शाम को घर पर उनके लिए क्या प्रोग्राम रखा गया था ?
5. क्या उनके दूर के रिश्तेदार भी आए हुए थे ?

**(d) Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e) Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie den Text.**

**(f) *Festrede* – Bilden Sie den Vokativ und verfassen Sie eine Festrede.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भाई और बहन | दोस्त | मित्र | साथी | देवी और सज्जन |

*भाइओ और बहनो, ...*

### 34.4 *Geschmack und Tasir*

**(a) Fragen für Gespräche**

- आपको खाने में क्या पसंद है ?
- आपके घर में मीठे में क्या बनता है ?

**(b) Was bedeuten diese Wörter? Verbinden Sie die Wörter.**

| | |
|---|---|
| नींबू, इमली | मीठा |
| अचार, नमक | खट्टा |
| मिर्च, अदरक | कड़वा |
| करेला, चकोतरा | नमकीन |
| आँवला, हरड़ | तीखा |
| गुड़, चीनी | कसैला |

**(c) Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel:**

*नींबू खट्टा होता है।*

...

**(d)** ***Tasir*** **– Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen und ergänzen Sie den Text.**

| होता है | होते हैं | होती है | होती हैं | हो जाती है (2x) | पड़ता है |
|---|---|---|---|---|---|

1. जो खाने का असर जठराग्नि पर ________, उसे तासीर कहते हैं।
2. दो तरह की तासीर ________ – ठंडी और गरम।
3. ठंडी तासीर वाले खाने से जठराग्नि मंद ________ ।
4. गरम तासीर वाले खाने से जठराग्नि तीव्र ________ ।
5. गरम तासीर वाले खाने भारी ________ ,
6. काली मिर्च की तासीर गरम ________ ,
7. जबकि गन्ना ठंडी तासीर का ________ ।

**(e) Was bedeuten diese Wörter?**

| गरम तासीर के खाने | ठंडी तासीर के खाने |
|---|---|
| *लहसुन* | *केला* |
| *अदरक* | *खीरा* |
| *मछली* | *मूली* |
| *बादाम* | *तरबूज़* |
| *दही* | *दूध* |

**(f) Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel:**

इन खानों की तासीर कैसी होती है ?

*अदरक की तासीर गरम होती है ।*

...

**(g) *Essen nach Jahreszeiten* – Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen und ergänzen Sie den Text.**

| हो (2x) | होता है | होना चाहिए (2x) | खाना चाहिए |
|---|---|---|---|

1. शिशिर ऋतु में ऐसा खाना खाना चाहिए, जो मीठा, खट्टा और नमकीन ______ ।
2. वसंत ऋतु का खाना हल्का, नमकीन और रूखा ______ ।
3. ग्रीष्म ऋतु में मीठा, तीखा और ठंडी तासीर का खाना ______ ।
4. वर्षा ऋतु में ऐसा खाना खाना चाहिए, जिसमें घी आदि ज़्यादा ______ ।
5. शरद ऋतु में हल्का, ठंडी तासीर वाला खाना अच्छा ______ ।
6. हेमंत ऋतु के खाने में मीठा, नमकीन और घी आदि ज़्यादा ______ ।

**(h) Lesen Sie die Fragen und unterhalten Sie sich.**

- क्या आप मौसम के हिसाब से अपने खाने में बदलाव लाते हैं ?
- सर्दियों में आप किस तरह का खाना पसंद करते हैं ?
- गर्मियों में आप किस तरह का खाना पसंद करते हैं ?

# 35 पैंतीसवाँ अध्याय

### 35.1 Inkohative Verbalkonstruktionen

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

पिछले एक साल में आपकी ज़िंदगी में क्या-क्या बदलाव आए हैं ?

**(b) Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| लगा है | लग गई थी | बैठने लगा | उठने लगी हूँ |
| जाने लगा हूँ | बढ़ने लगा है | जाने लगूँगा | |

**(c) Ergänzen Sie die Texte.**

करिश्मा, 21 साल

छुट्टियों में मैं बहुत सोती थी, पर जब से मेरा कॉलेज ________, तब से मैं सुबह जल्दी __________ ।

अंकित, 22 साल

मैं पहले बहुत पतला था, लेकिन जब से मैं जिम __________, तब से मेरा वज़न __________ ।

सुमित, 24 साल

पिछले साल जब मेरी नौकरी छूट गई, तो मैं अपने भाई की दुकान पर __________ ।

प्रशांत, 23 साल

पिछले महीने मेरे पैर में चोट ________, जिसकी वजह से मुझे अब घर पर रहना पड़ेगा। लेकिन अगले सत्र से मैं फिर कॉलेज __________ ।

**(d) Wie bildet und verwendet man inkohative Verbalkonstruktionen?**

**(e) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपकी ज़िंदगी में कभी ऐसा कुछ हुआ, जिसकी वजह से सब कुछ बदल गया ?

**35.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a) *Kochen***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सब्ज़ियाँ काटना | तेल गरम करना | तड़का लगाना | खाना पकाना | खाना परोसना |

| | | |
|---|---|---|
| वह | *1. उनसे सब्ज़ियाँ काटीं।* | */ वह ... काटेगा।* |
| मैं | *2. उसने सब्ज़ियाँ काट लीं।* | */ वह ... काट लेगा।* |
| ... | *3. वह सब्ज़ियाँ काटने लगा।* | */ वह ... काटने लगेगा।* |

**(b) *Lesen***

| | | | |
|---|---|---|---|
| किताब ढूँढ़ना | किताब उठाना | किताब खोलना | किताब के पन्ने पलटना |
| पढ़ना | पढ़के समझना | किताब वापस रखना | पाठ के बारे में सोचना |

| | |
|---|---|
| वह | *1. वह किताब ढूँढ़ने वाला था।* |
| हम | *2. वह किताब ढूँढ़ने लगा।* |
| | *3. वह किताब ढूँढ़ रहा था।* |
| | *4. उसने किताब ढूँढ़ ली।* |
| | *5. वह किताब ढूँढ़ चुका है।* |

**(c) *Das Wetter***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बारिश – होना | बर्फ़ – गिरना | आँधी – आना | कोहरा – छाना | धूप – निकलना |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | होनेवाला है | *(आज) बारिश होनेवाली है।* |
| 2. | होगा | *(आज) बारिश होगी।* |
| 3. | होने लगा | *(तब) बारिश होने लगी।* |
| 4. | हो रहा है | *(अभी) बारिश हो रही है।* |
| 5. | हुआ | *(कल) बारिश हुई।* |
| 6. | हुआ था | *(कल) बारिश हुई थी।* |

## 35.3 *Justyna*

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपने कभी विदेश में रहकर पढ़ाई की या काम किया ?

**(b) Lesen Sie den Text.**

### युस्तिना

युस्तिना अपनी पीएचडी के सिलसिले में पिछले हफ़्ते दिल्ली आई। वह पोलैंड से है और उसे भारत और भारतीय संस्कृति में हमेशा से ही दिलचस्पी रही है। यही कारण रहा कि उसने वारसा विश्वविद्यालय से इंडॉलोजी की पढ़ाई की। कल ही उसे कमरा मिला, जिसे ढूँढ़ने में उसके दोस्त राजीव ने उसकी बहुत मदद की।

राजीव तब से उसका अच्छा दोस्त है, जब वह पिछली बार पढ़ने भारत आई थी। उस समय उसे भारत में हिंदी पढ़ने के लिए भारत सरकार की ओर से एक साल की छात्रवृत्ति भी मिली थी। पहले कुछ दिन वह एक होस्टल में रही थी, जहाँ विदेशी लोग आते-जाते थे। युस्तिना की उनके साथ हिंदी में बिलकुल बात नहीं हो पाती थी। इस वजह से उसने कुछ दिन बाद ही अपना होस्टल बदल लिया। उसकी क्लास में उसके अलावा दो और विदेशी छात्राएँ थीं। वे आपस में हिंदी में ही बातें करती थीं और कई बार वीकेंड पर घूमने जाती थीं। इस बार उसे किसी क्लास में नहीं बैठना है, बल्कि इधर-उधर घूमकर पीएचडी पर काम करेगी।

**(c) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. युस्तिना कितनी बार भारत आ चुकी है ?
2. इस बार युस्तिना भारत क्यों आई है ?
3. क्या युस्तिना पहली बार अपने खर्चे पर आई थी ?
4. युस्तिना ने अपना होस्टल क्यों बदला था ?
5. क्लास में किस भाषा में बातें होती थीं।
6. क्या वह इस बार पीएचडी के लिए शोधकार्य करने आई है ?

**(d) Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e) Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie den Text.**

### 35.4 *Lebenspläne*

**(a) Finden Sie die Verbalkonstruktionen. Bestimmen und übersetzen Sie sie.**

ढूँढ़नापड़ेगाढूँढ़नेलगाढूँढ़रहाथाढूँढ़लियाहोगा

**(b) Bilden Sie die Verbalkonstruktionen um und übersetzen Sie sie.**

| | |
|---|---|
| 1. वे करते हैं, वे करेंगे, वे करते होंगे | → Debitiv |
| 2. हमने पढ़ा, हम पढ़ेंगे, हमने पढ़ा था | → Inkohativ |
| 3. हम सीख रहे हैं, हम सीखते थे, हम सीखेंगे | → Passiv |

**(c) Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen und ergänzen Sie den Text.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| लगेगी | लग गई | जाने लगूँगी | देखने लगूँगा |
| खरीदूँगी | करते थे | करने ही लगी थी | शुरू किया था |

सुभाष, 23 साल

जब मेरी नौकरी ________ , उसके बाद ही मैं शादी के लिए रिश्ते ________ ।

मेघा, 27 साल

जब मैं अपने घर के पास कॉल सेंटर में काम ________ , तो मेरी सरकारी नौकरी ________ ।

अंशिका, 17 साल

जब मैं कॉलेज ________ , तो मैं नए कपड़े ________ ।

वैभव, 31 साल

जब मैंने अपना खुद का काम ________ , तो मेरे यहाँ सिर्फ़ तीन लोग काम ________ ।

**(d) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आप आगे अपनी ज़िंदगी में क्या करना चाहते हैं ?

### 35.5 *Das Wetter*

**(a) Lesen Sie die Fragen und unterhalten Sie sich.**

- आपको कौन-सा मौसम सबसे ज़्यादा अच्छा लगता है ?
- कौन-सा मौसम आपको बिलकुल पसंद नहीं है ?

**(b) Verbinden Sie die Ausdrücke.**

| | |
|---|---|
| हवा | गिरना |
| बारिश | चलना |
| बर्फ़ | छाना |
| कोहरा | निकलना |
| धूप | होना |

**(c) Bilden Sie einfache und inkohative Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie sie.**

*हवा चलना –*

| | | |
|---|---|---|
| Präteritum: | *हवा चली।*<br>Der Wind wehte. | |
| Plusquamperfekt: | | *हवा चलने लगी थी।*<br>Der Wind begann zu wehen. |

**35.6 *Ein Tag in Shimla***

**(a) Fragen für Gespräche**

- आप अपना छुट्टी का दिन कैसे बिताते हैं ?
- किसी एक दिन के बारे में बताइए, जब आप कहीं घूमने गए थे।

**(b) Lesen Sie die folgenden Antworten und stellen Sie die Fragen dazu.**

अक्षय (21 साल) –

1. मैं शिमला गया था।
2. मैं अपने दोस्त विनय के साथ गया था।
3. यह पिछले शनिवार की बात है।
4. हम एक दिन के लिए गए थे।
5. हम बस से गए थे।
6. हमने मॉल रोड देखा, बाज़ार घूमा, पहाड़ देखे।
7. हम वापस भी बस से आए।

**(c) Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen und ergänzen Sie den Text.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| था (2x) | ली | खुली | गया था |
| चल रही थी | जा पा रहे थे | घूमने के लिए | |

शिमला में एक दिन (१)

1. पिछले शनिवार को अक्षय अपने दोस्त विनय के साथ शिमला ________ ।
2. दोनों ने रात को कश्मीरी गेट से शिमला के लिए बस ________ ।
3. यह पहला मौका ________ , जब दोनों ________ पहाड़ों की ओर ________ ।
4. सफ़र पूरी रात का ________ ।
5. जब सुबह आँख ________ ,
6. तो बस हिमाचल की पहाड़ियों में ________ ।

**(d) Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen und ergänzen Sie den Text.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| किया | पकड़ी | पहुँचे (2x) | देखे | बजे थे | बढ़ने लगे |
| पड़ने लगी | थक चुके थे | जाकर | निकलकर | घूम चुकने के बाद |

शिमला में एक दिन (२)

1. सुबह जैसे ही वे शिमला ________ , वैसे ही बर्फ़ ________ ।
2. टैक्सी से दोनों ने सबसे पहले होटल ________ नाश्ता ________ ।
3. घड़ी में 2 ________ , जब वे होटल से ________ लिफ़्ट से मॉल रोड ________ ।
4. वहाँ से उन्होंने हिमालय की पहाड़ियों के सुंदर नज़ारे ________ ।
5. शाम तक पूरा बाज़ार ________ वे स्टेशन की ओर ________ ।
6. जब वापसी के लिए उन्होंने बस ________ , तब वे पूरी तरह से ________ ।

**(e) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. इस पाठ में किसकी बात हो रही है ?
2. अक्षय और विनय कहाँ गए थे ?
3. उन्होंने शिमला के लिए बस कहाँ से ली ?
4. क्या वे दोनों पहले कभी शिमला गए थे ?
5. नाश्ता करके उन्होंने क्या-क्या किया ?
6. क्या वे रात को शिमला में रुके ?

# 36 छत्तीसवाँ अध्याय

## 36.1 Atelische und kumulative Verbalkonstruktionen

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आप कभी लंबे समय तक अपने घर से दूर रहे थे ?

**(b) *Segenssprüche* – Was bedeuten diese Wörter?**

| | | |
|---|---|---|
| जीना | तरक्की करना | आगे बढ़ना |
| नाम कमाना | नेकी करना और दरिया में डालना | |

**(c) Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

*जीते रहो* !

तरक्की ______________ !

ऐसे ही जीवन में आगे ______________ !

*नाम कमाते जाओ* !

नेकी ______________

और दरिया में ______________ !

**(d) Wie bildet und verwendet man atelische und kumulative Verbalkonstruktionen?**

**(e) Fragen für Gespräche**

- आप पिछली बार अपने घर से बहुत दिनों तक कब दूर रहे थे ?
- अपने घर से आप कितने समय के लिए और किस वजह से दूर रहे थे ?
- जब आप लंबे समय के लिए घर से दूर जाते हैं, तो आपके घरवाले क्या बोलते हैं ?

## 36.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?

**(a)** ***Schauen***

| |
|---|
| देखना सुनना इंतज़ार करना ढूँढ़ना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं | *1. मैं देखता हूँ* | / | *मैंने देखा।* |
| वह | *2. मैं देख लेता हूँ* | / | *मैंने देख लिया।* |
| … | *3. मैं देखने लगता हूँ* | / | *मैं देखने लगा।* |
| | *4. मैं देखता रहता हूँ* | / | *मैं देखता रहा।* |
| | *5. मैं देखता जाता हूँ* | / | *मैं देखता गया।* |

**(b)** ***Sitzen***

| |
|---|
| बैठना लेटना सोना जगना खड़ा होना |

| | |
|---|---|
| बैठना | *1. वह बैठता है।* |
| | *2. वह बैठ जाता है।* |
| | |
| बैठा होना | *3. वह बैठा है।* |
| | *4. वह बैठा हुआ है।* |
| | *5. वह बैठा रहता है।* |

**(c)** ***Sein Hindi verbessern***

| |
|---|
| हिंदी, बेहतर होना बोलने का डर, कम होना हिंदी की लिखाई, सुधरना<br>उच्चारण, साफ़ होना हिंदी में पढ़ने की क्षमता, बढ़ना समझ, गहरा होना |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | करने लगा | *हमारी हिंदी बेहतर होने लगी है।* |
| 2. | कर रहा था | *हमारी हिंदी बेहतर हो रही है।* |
| 3. | करता रहता था | *हमारी हिंदी बेहतर होती रहती है।* |
| 4. | करता गया | *हमारी हिंदी बेहतर होती जाती है।* |
| 5. | कर लिया | *हमारी हिंदी बेहतर हो जाती है।* |

### 36.3 *Kapil und Jaya*

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

अपने आस-पास के जान-पहचान वाले की शादी की कहानी बताइए।

**(b) Lesen Sie den Text.**

कपिल और जया

कपिल और जया की शादी दो महीने पहले हुई। लेकिन वे दोनों एक दूसरे को काफ़ी अरसे से जानते थे।

दोनों उदयपुर में बड़े हुए और एक ही स्कूल में पढ़ते थे। शुरुआत में दोनों के बीच कोई ज़्यादा बातचीत नहीं होती थी। लेकिन बारहवीं के बाद जब कपिल आगे पढ़ने के लिए कोटा चला गया, तो उन दोनों की फ़ोन पर बातें होने लगीं। धीरे-धीरे उनकी दोस्ती गहरी होती गई। और दोस्ती कब प्यार में बदल गई पता भी नहीं चला।

जब भी कपिल उदयपुर आता था, वे छुप-छुपकर मिलने की कोशिश करते थे। और जब भी वे दूर होते थे तो एक दूसरे को एसएमएस भेजते रहते थे।

जब पढ़ाई के बाद कपिल की नौकरी लगनेवाली थी, तो उसके लिए एक रिश्ता आया। लड़की जयपुर में बी. कॉम. कर रही थी और कपिल के माँ-बाप को भी पसंद आई थी। तब कपिल को अपने माँ-बाप को समझाना पड़ा, कि वह किसी और लड़की से प्यार करता है और उसी से शादी भी करना चाहता है। आखिर में कपिल के माँ-बाप अपने बेटे की खुशी के लिए उसकी बात मान गए।

**(c) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. क्या कपिल और जया की शादी हो चुकी है ?
2. कपिल और जया एक दूसरे को कब से जानते थे ?
3. दोनों किस शहर में रहते थे ?
4. कपिल कोटा क्यों गया ?
5. क्या कपिल और जया स्कूल में भी अच्छे दोस्त थे ?
6. उनकी दोस्ती कब गहरी हुई ?
7. क्या कपिल के माँ-बाप को जया के बारे में पता था ?
8. आखिर में वे कपिल और जया की शादी के लिए क्यों राज़ी हुए ?

**(d)** **Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e)** **Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(f)** **Übersetzen Sie den Text.**

**36.4** ***Lernen***

**(a)** **Finden Sie die Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie sie.**

सीखनेजातेहैंसीखतेजातेहैंसीखजातेहैंसीखतेहैंसीखरहेहैंसीखतेरहतेहैं

**(b)** **Bilden Sie atelische und kumulative Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie sie. In welchen Zusammenhängen könnten Sie sie verwenden?**

| | | |
|---|---|---|
| Präsens: | *हम सीखते रहते हैं*<br>*wir lernen immer weiter* | *हम सीखते जाते हैं*<br>*wir lernen immer mehr* |
| präsumptives Präsens: | | |
| Futur: | | |
| Präteritum: | | |

**(c)** **Bilden Sie diese Verbalkonstruktionen um und übersetzen Sie sie.**

1. हमने सुना, हमने सुना था → inkohativ
2. हम पढ़ते हैं, हम पढ़ते थे → atelisch
3. हमने देखा, हम देखेंगे → kumulativ
4. हम सीखेंगे, हमने सीखा → passiv

**(d)** **Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आप क्या नया सीखना चाहते हैं ?

**36.5** ***Ein Shiva-Tempel in den Bergen***

**(a)** **Lesen Sie die Fragen und unterhalten Sie sich.**

- क्या आप कभी पहाड़ों में घूमने गए हैं ?
- क्या आप कभी किसी पूजास्थल पर गए हैं ?

**(b)** **Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कर रहे थे | चलने लगे | जानता हूँ | जानता है | गया |
| चलते गए | दिखने लगा | रुके | चलते रहे | होता गया |

**(c)** ***Harish (21) aus Almora erzählt.*** **– Ergänzen Sie die Sätze.**

शिव मंदिर

1. कुमाऊँ में मैं एक प्राचीन शिव मंदिर ____________ ।
2. वह पहाड़ों पर एक जंगल में है।
3. मेरा भाई वहाँ जाने का रास्ता ____________ ।
4. पिछली बार मैं अपने विदेशी दोस्त के साथ वहाँ ____________ ।
5. सुबह हम मेरे भाई का इंतज़ार ____________ ।
6. जब वह आए, तो हम ____________ ।
7. बड़ी चढ़ाई थी, पर हम ____________ नहीं, हम बस ____________ ।
8. जंगल गहरा ____________ और हम आगे और आगे ____________ ।
9. कुछ समय बाद पहाड़ी के चोटी पर मंदिर ____________ ।

**(d)** **Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

1. इस पाठ में कौन बात कर रहा है ?
2. जिस मंदिर के बारे में इस पाठ में बात हो रही है, वह कहाँ है ?
3. क्या मंदिर नया है ?
4. मंदिर में किस भगवान की मूर्ति है ?
5. पिछली बार हरीश के साथ कौन मंदिर गया था ?
6. मंदिर का रास्ता कौन जानता है ?
7. मंदिर जाने का रास्ता कैसा है ?

**36.6** ***Der Monat Sawan***

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आपका जन्मदिन कौन-से महीने में आता है ?

**(b) Was bedeuten diese Wörter? Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चैत | बैसाख | जेठ | असाढ़ | सावन | भादो |
| क्वार | कातिक | अगहन | पूस | माघ | फागुन |

*चैत मास मार्च और अप्रैल में पड़ता है।*

*बैसाख मास अप्रैल और ...*

**(c) Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen.**

आ जाना　होते जाना　बढ़ते जाना　चढ़ते जाना　सूखते जाना (2x)

देखते रहना (2x)　बहने लगना　छाने लगना　चमकने लगना

गरजने लगना　नाचने लगना　बरसने लगना

**(d) Ergänzen Sie das Gedicht mit Verbalkonstruktionen im Präteritum.**

सावन

धूप तेज ____________ ।
गर्मी ____________ ।
पारा ____________ ।
धरती ____________ ।
तालाब ____________ ।

हम बारिश की राह ____________ ।
बस, राह ____________ ।

और फिर हवा ____________ ।
काले बादल ____________ ।
बिजली ____________ ।
बादल ____________ ।
मोर ____________ ।
पानी ____________ ।

देखो, सावन ____________ !

**(e) Schreiben Sie ein Gedicht über einen Monat und dessen Stimmungen.**

# 37 सैंतीसवाँ अध्याय

## 37.1 Iterative Verbalkonstruktionen

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

जब आप छोटे थे, तो आपका एक आम दिन कैसा जाता था ?

**(b) *Mahendras Kindheit* – Was bedeuten diese Ausdrücke?**

| | | |
|---|---|---|
| गाँव की पाठशाला में पढ़ना | दोस्तों के साथ गुल्ली-डंडा खेलना | तालाब में नहाना |
| अखाड़े में कुश्ती लड़ना | गाय के लिए घास काटकर लाना | जगरातों में जाना |

**(c) Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

*महेंद्र बचपन में गाँव की पाठशाला में पढ़ा करता था।*

...

**(d) Wie bildet und verwendet man iterative Verbalkonstruktionen?**

**(e) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आप बचपन में क्या-क्या किया करते थे ?

**(f) *Gute Ratschläge* – Finden Sie Tätigkeiten und bilden Sie Dialoge nach dem Beispiel.**

| | | |
|---|---|---|
| सुबह जल्दी उठना | रोज़ पार्क में सैर करना | नाश्ता समय पर करना |
| कम कपड़े खरीदना | अपना मेक अप का सामान ऑनलाइन खरीदना | ... |

A. मैं सुबह जल्दी उठती हूँ।

B. मैं भी अब से सुबह जल्दी उठा करूँगी।

### 37.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?

**(a)** ***Schulzeit***

| |
|---|
| सवेरे स्कूल जाना     स्कूल के बाद घर आना     माँ के हाथ का खाना खाना<br>तालाब में तैरना     पतंग उड़ाना     दोस्तों के साथ गुल्ली-डंडा खेलना |

हम          *हम सवेरे स्कूल जाते थे।*     /     *... जाया करते थे।*

…

**(b)** ***Studienzeit***

| |
|---|
| पुस्तकालय जाना     देर रात तक पढ़ाई करना     परीक्षा की तैयारी साथ करना<br>अपने दोस्तों से मिलना     अपने दोस्तों के साथ खाना खाना |

1. किया करो !          *तुम पुस्तकालय जाया करो !*
2. किया करेंगे          *हम अक्सर पुस्तकालय जाया करते हैं।*

3 किया करते हैं          *हम अक्सर पुस्तकालय जाया करेंगे।*

**(c)** ***Das Landleben***

| |
|---|
| पढ़ने बगलवाले गाँव के स्कूल में जाना     राशन की दुकान पर काम करना<br>हर जगह पैदल ही जाना     हाथ से खत लिखना     चौपाल पर ताश खेलना |

मेरे दादाजी          *1. मेरे दादाजी पढ़ने बगलवाले गाँव के स्कूल में जाते थे।*

…          *2. मेरे दादाजी पढ़ने ... जाया करते थे।*

**(d)** ***Eine Puja***

| |
|---|
| प्रसाद बनाना     पुष्प लाना     कलश भरना     पूजास्थल पोंछना<br>तिलक तैयार करना     अगरबत्ती जलाना     पंडित जी को बुलाना |

मेरी दादीजी          *1. (उन दिनों) मेरी दादीजी प्रसाद बनाती थी।*

मेरी माँ          *2. (उन दिनों) मेरी दादीजी प्रसाद बनाया करती थी।*

…          *3. (अभी) मेरी दादीजी ने प्रसाद बनाया है।*

*4. (अभी अभी) मेरी दादीजी ने प्रसाद बना दिया है।*

**37.3** ***Eines Abends***

**(a)** **Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आप भूत-प्रेत पर विश्वास करते हैं ?

**(b)** **Lesen Sie den Text.**

एक शाम की कहानी

बात थोड़ी पुरानी है । उस वक़्त की, जब मोटर-गाड़ियाँ इतनी ज़्यादा नहीं चला करती थीं । रामप्रकाश को उस दिन बाज़ार में कुछ ज़्यादा समय लग गया था । सूरज ढल चुका था और अंधेरा होनेवाला था । गाँव के लिए सबसे छोटा रास्ता एक घने जंगल से गुज़रता था, जिसके बारे में लोग कहते थे कि वह भूतहा है । पर रामप्रकाश इन सब बातों को नहीं मानता था और उसी रास्ते से गया ।

रास्ता सुनसान था । सामान अपने कंधों पर रखकर वह खेतों से गुज़र रहा था । थोड़ी देर में ही जंगल शुरू हो गया । रास्ते के दोनों तरफ़ लंबे-लंबे घने पेड़ थे । अचानक उसे लगा जैसे उसके सर पर कोई छोटी-छोटी गिट्टियाँ मार रहा हो । पीछे मुड़कर देखा तो कोई भी नहीं था । उसे थोड़ी हैरानी हुई, पर उसने नज़र-अंदाज़ किया । थोड़ी देर बाद फिर से वही हुआ । अब उसे डर लगने लगा ।

रामप्रकाश ने बहुत दिमाग लगाया और तब जाकर उसे समझ में आया कि रबड़ की चप्पल पहनकर उसी के पैरों से गिट्टियाँ उछलकर उसके सर पर लग रही थीं । यही था भूत ।

**(c)** **Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. क्या रामप्रकाश सुबह बाज़ार से लौट रहा था ?
2. रामप्रकाश पैदल क्यों गया ?
3. घर जाने का रास्ता कहाँ से गुज़रता था ?
4. लोग उस रास्ते से जाने से क्यों डरते थे ?
5. क्या रामप्रकाश भूत-प्रेत पर विश्वास करता था ?
6. जब वह जंगल से गुज़रता था, तो क्या हुआ ?
7. रामप्रकाश के सर पर गिट्टियाँ किसने फेंकीं ?

**(d)** **Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e)** **Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(f)** **Übersetzen Sie den Text.**

**37.4** ***Kindheit***

**(a)** **Finden Sie die Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie sie.**

करतीहूँकियाकरतीहूँकरतीथीकियाकरतीथीकरुँगीकियाकरूँगी

**(b)** **Bilden Sie iterative Verbalkonstruktionen im Präsens und Imperfekt.**

| | | |
|---|---|---|
| 1. खेलना (3. Sg. m.) | 2. जाना (3. Pl. f.) | 3. लड़ना (3. Pl. m.) |
| 4. भागना (2. Pl. m.) | 5. तैरना (1. Sg. m.) | 6. पढ़ना (1. Sg. f.) |

**(c)** **Bilden Sie die Verbalkonstruktionen um und übersetzen Sie sie.**

| | |
|---|---|
| 1. मैं पढ़ा, मैं पढ़ूँगा | → inkohativ |
| 2. वह घूमता है, वह घूमता था | → atelisch |
| 3. हमने सीखा, हम सीखेंगे | → kumulativ |
| 4. वे आती थीं, वे आती हैं | → iterativ |
| 5. वह करेगा, उसने किया था | → passiv |

**(d)** **Wählen Sie eines der Themen und unterhalten Sie sich.**

मेरा बचपन    मुझे जो खेल सबसे ज़्यादा पसंद है    स्कूल की यादें
पुराने दोस्त    स्कूल के दोस्त, जिनसे अब बातचीत नहीं रही

**37.5** ***Cricket***

**(a)** **Lesen Sie die Fragen und unterhalten Sie sich.**

- आपको बचपन में कौन-से खेल पसंद थे ?
- आप बचपन में कौन-से खेल खेलते थे ?

**(b)** **Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मिलता है | लगता था | बदल गया है | खेलते रहते थे |
| देखा करता है | रहा करता था | जाया करते थे | भागना पड़ता था |

**(c)** **Ergänzen Sie die Verbalkonstruktionen.**

अंकित, 24 साल

1. हर रविवार मैं अपने भाई और उसके दोस्तों के साथ बाहर ही ______________ ।
2. हम लोग तड़के क्रिकेट खेलने के लिए साइकिल से लाजवंती पार्क ______________ ।
3. हम सारा दिन वहाँ क्रिकेट ______________ ।
4. मेरे भाई को बैटिंग करना अच्छा ______________ और मुझे बॉलिंग ।
5. फ़ील्डिंग हम दोनों में से किसी को भी पसंद नहीं थी, क्योंकि बहुत ______________ ।
6. अब ज़माना काफ़ी ______________ , सब अपने-अपने जीवन में व्यस्त हैं ।
7. अब मेरे भाई को इतना समय नहीं ______________ , मैदान में जाकर क्रिकेट खेलने का ।
8. अब वह सिर्फ़ टी.वी. पर क्रिकेट ______________ ।

**(d)** **Beantworten Sie diese Fragen.**

1. हफ़्ते के किस दिन अंकित क्रिकेट खेलने जाता था ?
2. अंकित किसके साथ क्रिकेट खेलने जाता था ?
3. वे लोग क्रिकेट कहाँ खेलते थे ?
4. फ़ील्डिंग क्यों किसी को पसंद नहीं थी ?
5. क्या अंकित का भाई आज भी क्रिकेट खेलता है ?

**(e)** **Fragen für Gespräche**

- क्या आपने कभी कोई क्रिकेट मैच देखा है ?
- क्या आपको क्रिकेट खेलना आता है ?
- क्या आपको कभी क्रिकेट खेलने का मौका मिला है ?

### 37.6 *Studienaufenthalt in Benares*

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आप कभी पढ़ाई के लिए दूसरे देश गए हैं ?

**(b) Verbinden Sie die Ausdrücke.**

| | |
|---|---|
| बनारस में हिंदी का कोर्स | सुधारना |
| चौदह लोगों के साथ | घूमना |
| बनारस की गलियों में | बैठना |
| गंगा के किनारे पर | पढ़ना |
| अपनी हिंदी | करना |

**(c) Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| था | हुई | होती थी | किया | पढ़ते थे | बैठा करते थे | घूमा करते थे |

**(d) Ergänzen Sie die Verbalkonstruktionen.**

बारबरा, 23 साल

1. पिछले साल मैंने बनारस में हिंदी का कोर्स ________ ।
2. कोर्स एक महीने का ____ ।
3. हमारी रोज़ हिंदी की क्लास ________ ।
4. मेरी क्लास में मेरे साथ चौदह लोग और ________ ।
5. क्लास के बाद हम बनारस की गलियों में ________ ।
6. शाम को हम गंगा के किनारे पर ________ ।
7. यह कोर्स करके मेरी हिंदी बहुत बेहतर ____ ।

**(e) Stellen Sie selbst Fragen zum Text.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कौन ? | क्या ? | कहाँ ? | कब ? | किसके साथ ? | कैसे ? | … |

*बारबरा ने हिंदी का कोर्स कहाँ किया ?*

…

# 38 अड़तीसवाँ अध्याय

**38.1 Permissive Verbalkonstruktionen**

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपकी ज़िंदगी में कभी बहुत बड़ा बदलाव आया ?

**(b) Paraphrasieren Sie diese Ausdrücke auf Hindi.**

| | | |
|---|---|---|
| दोस्तों से मिलना | खाना खाना | कहीं घूमना |
| बाहर फ़िल्म देखना | आराम करना | चैन से सोना |

**(c)** ***Was könnte das sein?*** **– Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

जब से ज़िंदगी में आया है, तब से ...
हमें वह कुछ भी *करने* नहीं *देता* है ।

वह हमें दोस्तों से ________ नहीं ________ ।
वह हमें बाहर फ़िल्म ________ नहीं ________ ।
वह हमें कहीं ________ नहीं ________
और आराम ________ नहीं ________ ।
वह हमें चैन से ________ नहीं ________ ।
और तो और खाना ________ भी नहीं ________ ।

**(d) Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

आपको क्या लगता है, वह क्या होगा ?

**(e) Wie bildet und verwendet man permissive Verbalkonstruktionen?**

**38.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a)** ***Lass sie doch … !***

| | | | |
|---|---|---|---|
| अकेले बाहर जाना | मॉल जाना | यूरोप घूमना | छोटे कपड़े पहनना |
| मेकअप करना | लड़कों से मिलना | लड़कों से बात करना | टैटू बनवाना |

| | | |
|---|---|---|
| वह | *1. उसे अकेले बाहर जाने दो !* | */मत जाने दो* |
| दिव्या | *2. उसे अकेले बाहर जाने दीजिए !* | */मत जाने दीजिए* |
| … | *3. उसे अकेले बाहर जाने दिया जाएगा।* | |
| | | |
| वे – मैं | *4. वे मुझे अकेले बाहर जाने (नहीं) देते हैं।* | |
| वह – हम | *5. उन्होंने मुझे अकेले बाहर जाने (नहीं) दिया।* | |
| … | *6. वे मुझे अकेले बाहर जाने देंगे। /एक दिन (आएगा, जब) …* | |

**(b)** ***Unsere Eltern ließen uns … .***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मिठाई खाना | धूप में घूमना | नंगे पैर चलना | मोबाइल देखना | देर तक जागना |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | करने देते थे | *हमारे माँ-बाप हमें मिठाई खाने नहीं देते थे।* |
| 2. | करने देंगे | *हम अपने बच्चों को मिठाई खाने नहीं देंगे।* |
| 3. | करने देना चाहिए | *बच्चों को मिठाई नहीं खाने देना चाहिए।* |

**(c)** ***Er wird uns bestimmt nicht selbst zahlen lassen.***

| | | | |
|---|---|---|---|
| खाने के पैसे देना | पैसे खर्च करना | अपनी बात रखना | साँस लेना |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ही | *वह हमें खाने के पैसे देने ही नहीं देगा।* |
| 2. | भी | *वह हमें खाने के पैसे देने भी नहीं देगा।* |
| 3. | तो | *वह हमें खाने के पैसे देने तो नहीं देगा।* |
| 4. | तक | *वह हमें खाने के पैसे देने तक नहीं देगा।* |

### 38.3 *Freitag Abend*

**(a) Fragen für Gespräche**

- आप वीकेंड में क्या करते हैं ?
- क्या आप अपने दोस्तों के साथ कभी फ़िल्म देखने जाते हैं ?

**(b) Lesen Sie den Dialog.**

| | |
|---|---|
| ऋचा | अगले शुक्रवार को हम लोग क्लास के बाद पी.वी.आर. जा रहे हैं। शाहरुख की नई फ़िल्म लगी है। हमारी क्लास से कई लोग जा रहे हैं। तेरा क्या सीन है ? |
| आकाँक्षा | कितने बजे का शो है ? |
| ऋचा | मल्टीप्लैक्स में तो सुबह से लेकर शाम तक फ़िल्में चलती रहती हैं। हमने पहले सोचा, चार बजे का शो देखेंगे। पर उसमें हाउस फ़ुल हो चुका था। अब साढ़े आठ के शो की टिकट ही मिल रही है। आकाश ने कहा है, वह एक साथ सबकी टिकट ले लेगा। |
| आकाँक्षा | मुझे लगता है, मेरे लिए इतनी रात वाले शो में आना मुश्किल होगा। यार, तुझे मेरे घर का पता ही है, मेरे मम्मी-पापा मुझे इतनी रात घर से बाहर निकलने ही नहीं देते हैं। |
| ऋचा | मेरे मॉम-डैड भी वैसे तो मुझे इतनी रात को बाहर निकलने नहीं देते हैं, पर इस बार हम सब साथ जा रहे हैं और आकाश मुझे घर तक छोड़कर आएगा। तो उन्होंने मुझे जाने की परमिशन दे दी। |
| आकाँक्षा | ओके ! फ़ोन करके देखती हूँ। पता नहीं, शायद अलाऊ कर दें ! |
| ऋचा | हाँ, ट्राई करके देख ले। चलेगी तो मज़ा आएगा। |

**(c)** **Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. किसके बीच बातें हो रही हैं ?
2. किस चीज़ पर बातें हो रही हैं ?
3. कौन किसको साथ आने के लिए कह रहा है ?
4. फ़िल्म कहाँ लगेगी ?
5. वे फ़िल्म किस दिन देखना चाहते हैं ? कितने बजे का शो देखना चाहते हैं ?
6. चार बजे के शो में वे क्यों नहीं जा पाएँगे।
7. कितने बजे का शो मिल रहा है ?
8. आकाँक्षा आने के लिए पहले क्यों राज़ी नहीं हुई ?
9. ऋचा को उसके माता-पिता कब बाहर जाने नहीं देते हैं ?
10. इस बार उन्होंने ऋचा को फ़िल्म देखने क्यों जाने दिया ?
11. क्या आकाँक्षा भी साथ चलेगी ?

**(d)** **Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e)** **Finden Sie englische Lehnwörter und bestimmen Sie diesen Stil.**

**(f)** **Bestimmen Sie die Verbalkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(g)** **Übersetzen Sie den Dialog.**

**(h)** **Fragen für Gespräche**

- क्या कभी ऐसा कुछ था, जो आपके माँ-बाप ने आपको करने नहीं दिया ?
- क्या ऐसा कुछ है, जो आप अपने बच्चों को कभी नहीं करने देंगे ?

**38.4** ***Lasst sie es machen!***

**(a) Bilden Sie einfache und permissive Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie sie. In welchen Zusammenhängen könnten Sie sie verwenden?**

| | | |
|---|---|---|
| Futur: | वे आएँगे<br>*sie werden kommen* | वे आने देंगे<br>*sie werden kommen lassen* |
| Präteritum: | | |
| Präsens: | | |
| präsumptive Gegenwart: | | |

**(b) Bilden Sie die Verbalkonstruktionen um und übersetzen Sie sie.**

1. वे पढ़ते हैं, वे पढ़ेंगे, वे पढ़ते होंगे → permissiv
2. हमने समझा, हम समझेंगे, हमने समझा था → inkohativ
3. वह सोचती है, वह सोचती थी, वह सोचेगी → atelisch
4. वे सीखते हैं, वे सीखते रहेंगे → passiv

**(c) Bilden und übersetzen Sie die folgenden Verbalkonstruktionen im Permissiv.**

1. आना — 3. Sg. m. — Futur, Präteritum, Präsens, Konjunktiv
2. रहना — 1. Sg. f. — Präteritum, Präsens, Konjunktiv, Futur
3. जाना — 2. Pl. m. — imperfektiver Präsumptiv, Plusquamperfekt, Futur

**(d) Finden Sie die Verbalkonstruktionen. Bestimmen und übersetzen Sie sie.**

होनेदियाजाताहैआजानेदियागयाथाकरलेनेदियाजारहाहोगा

**38.5** ***Europareise***

**(a)** **Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपने कभी अकेले दूर किसी देश की यात्रा की है ?

**(b)** **Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen und ergänzen Sie den Text.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कर रहे थे | रहती है | जाने लगी | चाहती थी | जाने दिया जाता है | | |
| समझाया | जाने दिया | रखी | रहीं | रुकीं | घूमते रहते थे | रहेंगे |

आस्था और रिया

1. आस्था लखनऊ में ________ । वह अपने माँ-बाप की इकलौती बेटी है।
2. पिछले साल वह लखनऊ विश्वविद्यालय ________ ।
3. इन गर्मियों में आस्था अपनी सहेली रिया के साथ यूरोप देखना ________ ।
4. आम तौर पर उनके यहाँ लड़कियों को अकेले घूमने नहीं ________ ।
5. इसके बावजूद दोनों सहेलियों ने अपने घरों में यूरोप जाने की बात ________ ।
6. पहले घरवाले उनको भेजने के लिए मना ________ ,
7. पर जब आस्था और रिया ने अपने घरवालों को बहुत ________ ,
8. तो उन्होंने दोनों लड़कियों को यूरोप ________ ।
9. आस्था और रिया छह हफ़्ते पेरिस और ऐमस्टर्डम में ________ ।
10. वे वहाँ कई अलग-अलग होस्टलों में ________ ।
11. उन्होंने नए दोस्त बनाए और वे सुबह से शाम तक ________ ।
12. ये दिन उन्हें हमेशा याद ________ ।

**(c)** **Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. इस पाठ में किसकी बात हो रही है ?
2. आस्था किस शहर में रहती है ?
3. आस्था के कितने भाई-बहन हैं ?
4. आजकल वह क्या कर रही है ?
5. आस्था की सहेली का क्या नाम है ?
6. दोनों सहेलियाँ गर्मियों में कहाँ जाना चाहती थीं ?
7. क्या उनके माँ-बाप ने उन्हें जाने दिया ?
8. यूरोप में आस्था और रिया का समय कैसा रहा ?

# 39 उनतालीसवाँ अध्याय

**39.1 Imperfektiv und Konditionalsätze**

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

अगर आपके पास बहुत-सारे पैसे होते, तो आप क्या करते ?

**(b) *Wenn wir reich wären, ...* – Paraphrasieren Sie diese Ausdrücke auf Hindi.**

| | |
|---|---|
| कोई काम नहीं करना | एक साल तक भारत में घूमना-फिरना |
| एक बड़ी हवेली में रहना | सोने की अँगूठियाँ पहनना |
| लाल फ़ेरारी खरीदना | हमेशा डायरेक्ट फ़्लाइट लेना |

**(c) Bilden Sie Sätze nach dem Muster.**

*अगर पैसे होते, तो हम कोई काम नहीं करते ।*

...

**(d) Wie werden Konditionalsätze gebildet und verwendet?**

**(e) Fragen für Gespräche**

- आपके लिए पैसों के क्या मायने हैं ?
- आपके लिए ज़िंदगी में सबसे ज़रूरी चीज़ क्या है ?

**39.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a) *Als alles anfing ...***

| | | |
|---|---|---|
| क्लास में एक ही बेंच पर बैठना | कैंटीन में साथ पढ़ना | बस में साथ घर जाना |
| शाम को एस.एम.एस. पर बातें करना | दुनिया से छिपकर मिलना | |

1. उन दिनों — *उन दिनों हम क्लास में एक ही बेंच पर बैठते।*
2. नहीं — *अब हम क्लास में एक ही बेंच पर नहीं बैठते।*
3. काश ! — *काश हम आज भी एक ही बेंच पर बैठते !*

**(b) *Wenn er kommt, zeigen wir ihm Lucknow.***

| | | |
|---|---|---|
| बाहर घुमाना | हज़रतगंज ले जाना | बड़ा इमामबाड़ा दिखाना |
| कुल्फ़ी खिलाना | शर्बत पिलाना | पैसे खर्च करने नहीं देना |

1. आएगा, तो घुमाएँगे — *अगर वह हमारे घर आएगा, तो हम उसे बाहर घुमाएँगे।*
2. आया, तो घुमाएँगे — *अगर वह हमारे घर आया, तो हम उसे ...*
3. आए, तो घुमाएँ
4. आता, तो घुमाते
5. आया होता, तो घुमाया होता

**(c) *Wenn sie dich einlädt, dann sei vorsichtig!***

| | | |
|---|---|---|
| सावधान रहना | परेशान नहीं होना | उसको अनदेखा करना |
| मुझे तुरंत बताना | उसके यहाँ अकेले नहीं जाना | उसके यहाँ रात को नहीं रुकना |

1. करती है, तो करो — *अगर वह तुम्हें अपने घर बुलाती है, तो सावधान रहो / रहना !*
2. करे, तो करो — *अगर वह तुम्हें अपने घर बुलाए, तो सावधान रहो / रहना !*
3. किया, तो करो — *अगर उसने तुम्हें अपने घर बुलाया, तो सावधान रहो / रहना !*

### 39.3 *Ein Gespräch im DTC-Bus*

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

सफ़र के दौरान क्या आप अनजान लोगों से बात करना पसंद करते हैं ?

**(b) Lesen Sie den Dialog.**

शाम को डीटीसी की बस में

| | |
|---|---|
| महेश | यह कौन-सा स्टॉप आनेवाला है अभी ? |
| सचिन | बेर सराय । आपको कहाँ उतरना है ? |
| महेश | नहीं, अभी आगे है । क्या बात है, बहुत भीड़ है बस में आज । दिल्ली पहले जैसी नहीं रही अब । डीटीसी में ही देखो, भीड़ कितनी बढ़ गई है आजकल । |
| सचिन | बात तो सही कही आपने । सरकार को ही इसके लिए कुछ करना चाहिए । |
| राजेंद्र | अजी, सरकार भी अकेली अब क्या करे ! आबादी ही इतनी ज़्यादा है । और हर कोई अब अपनी गाड़ी तो नहीं रख सकता न । मज़बूरन बस से ही जाना पड़ता है कितनों को । हमें ही देख लो अब, क्या करें ? |
| महेश | जी, पापड़ तो बहुत बेलने पड़ते है दिल्ली में कमाने के लिए । मैं पचासी में आया था दिल्ली । गोरखपुर से । तब से डीटीसी में ही रोज़ काम के लिए ओखला जाया करता हूँ । |
| सचिन | भाई साहब, फिर तो आपको गाड़ी ले लेनी चाहिए । दूर है ओखला । |
| महेश | न जी न, बस ही ठीक है मेरे लिए तो । कम से कम दिल्ली के ट्रैफ़िक में तो मुझे गाड़ी चलानी नहीं पड़ेगी । बाहर कुछ भी हो, बस के अंदर तो कोई दिक्कत न होगी । ऊपर से बस में आराम से बैठकर लोगों से बात भी हो रही है न अभी, है कि नहीं ? |
| राजेंद्र | बात तो यह भी सही कही आपने, भाई साहब । |

**(c) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. महेश, सचिन और राजेंद्र कहाँ बैठकर बात कर रहे हैं ?
2. क्या वे इससे पहले एक दूसरे से मिले होंगे ?
3. बातचीत कैसे शुरू होती है ?
4. किस चीज़ पर बातें सबसे पहले शुरू होती हैं ?
5. क्या राजेंद्र अपनी गाड़ी रखना चाहता होगा ?
6. महेश कब से दिल्ली में रह रहा है ? उसका गाँव कहाँ है ?
7. महेश दिल्ली में कहाँ काम करता है ?
8. क्या महेश गाड़ी लेने की सोच रहा है ?

**(d) Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e) Analysieren Sie die Sätze. Bestimmen Sie Kennzeichen der gesprochenen Sprache. Übersetzen Sie den Text.**

**39.4 *Im Büro***

**(a) Ordnen Sie die Sätze der Wahrscheinlichkeit nach an.**

| | |
|---|---|
| | समय मिलता, तो मैं रिपोर्ट लिख देता। |
| | समय मिला, तो मैं रिपोर्ट लिख दूँगा। |
| | समय मिले, तो मैं रिपोर्ट लिख दूँ। |
| 1 | समय मिलेगा, तो मैं रिपोर्ट लिख दूँगा। |
| | समय मिला होता, तो मैंने रिपोर्ट लिख दी होती। |
| | समय मिला होता, तो मैं रिपोर्ट लिख देता। |

**(b) Bilden Sie weitere Sätze.**

1. समय, होना 2. वह, बताना 3. आप, मुझे पेनड्राइव देना
4. कल, मेरा मन, करना 5. मुझे, दिवाली बोनस, मिलना

**39.5** ***Wenn es so wäre ...***

**(a) Bestimmen Sie die Verbalkonstruktionen.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| होता (4x) | होते | हो जाता | सुनता | सोच पाता | घूम पाता | माननी पड़ती |

**(b) Ergänzen Sie die Verbalkonstruktionen.**

1. मेरे सिवा क्लास में अगर कोई और नहीं ______ , तो शायद मैं बोर ______ । 2. और मेरा कोई दोस्त नहीं ______ , तो मेरी बातें कोई भी नहीं ______ ।
3. मैं अगर एक बड़ा नेता ______ , तो सभी लोगों को मेरी बात ______ । 4. या फिर मेरे पिताजी किसी देश के राजा ______ , तो मैं कहीं भी आराम से अकेले ______ नहीं ______ ।
5. और, अगर मेरे पास फ़ालतू समय नहीं ______ , तो मैं यह सब भला कैसे ______ ...

**(c) Unterhalten Sie sich.**

- अगर आपके सिवा क्लास में कोई और न होता, तो ...
- अगर आपका कोई दोस्त नहीं होता, तो ...
- अगर आप एक बड़े नेता होते, तो ...
- अगर आपके पिताजी किसी देश के राजा होते, तो ...

**39.6 Fragen für Gespräche**

- अगर आप यहाँ पढ़ने नहीं आए होते, तो आज-कल आप क्या कर रहे होते ?
- अगर आप अपना अतीत बदल पाते, तो कौन-सी एक चीज़ बदलना चाहते ?
- अगर कोई आपको आपका भविष्य बता पाता, तो क्या जानना चाहते ?

**39.7** ***Ein Ausflug nach Vrindavan***

**(a) Lesen Sie die Fragen und sprechen Sie miteinander.**

- क्या आपने कभी वृंदावन या किसी दूसरे तीर्थ स्थल के बारे में सुना है ?
- क्या आप कभी वृंदावन या किसी दूसरे तीर्थ स्थल गए ?

**(b) Was bedeuten diese Ausdrücke?**

| |
|---|
| आराम से होटल में ही ब्रेकफ़ास्ट करना, पैदल नहीं चलना, ऑटो लेना<br>कहीं बाहर खाना, जल्दी होटल लौट आना,<br>राधा कुंड भी देख आना, गोवर्धन पर्वत देखने जाना,<br>तड़के बांके बिहारी मंदिर जाना, प्रेम मंदिर का लाइट शो भी देख लेना |

**(c) Wählen Sie die passenden Ausdrücke und bilden Sie Sätze nach dem Muster.**

वृंदावन

1. कल सुबह जल्दी नींद खुली, तो *तड़के बांके बिहारी मंदिर जाएँगे ।*
2. देर से जागे, तो ____________________ ।
3. होटल का ब्रेकफ़ास्ट पसंद नहीं आया, तो ____________________ ।
4. सुबह टैक्सीवाला नहीं आया, तो ____________________ ।
5. वृंदावन के मंदिरों में ज़्यादा भीड़ हुई, तो ____________________ ।
6. हो सका, तो ____________________ ।
7. रात को ज़्यादा थके ना हुए, तो ____________________ ।
8. और बंदरों ने ज़्यादा परेशान किया, तो ____________________ ।

**(d) Fragen für Gespräche**

- क्या आपके हिसाब से कोई ऐसा तीर्थ है, जहाँ सबको जाना चाहिए ?
- अगर आप अपने किसी दोस्त के साथ छह महीने के लिए कहीं दूर जा सकते, तो कहाँ जाना पसंद करते ?

# 40 चालीसवाँ अध्याय

## 40.1 Infinitivsätze

**(a) Lesen Sie die Fragen und sprechen Sie miteinander.**

- क्या आप कभी-कभी ऑनलाइन खरीदारी करते हैं ?
- पिछली बार आपने कब ऑनलाइन खरीदारी की ? आपने क्या खरीदा ?

**(b)** ***Online Shopping*** **– Lesen Sie diese Sätze. Sprechen Sie über Vor- oder Nachteile.**

| |
|---|
| हमें सामान सीधे घर पर ही मिल जाता है। |
| हमें बाहर जाने की ज़रूरत नहीं पड़ती। |
| हमें हमेशा वही चीज़ नहीं मिलती, जो मँगवाई जाती है। |
| हम चीज़ें वापस कर सकते हैं, अगर हमें पसंद न आएँ तो। |

*... यह ऑनलाइन खरीदारी का एक फ़ायदा / नुकसान है।*

**(c)** ***Was spricht für den Internethandel, was dagegen?*** **– Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

*जब हम ऑनलाइन खरीदारी करते हैं, तो हमें सामान सीधे घर पर ही मिल जाता है।*

...

**(d) Formulieren Sie die Sätze nach dem Beispiel um.**

*ऑनलाइन खरीदारी करने से सामान सीधे घर पर ही मिल जाता है।*

...

**(e) Wie bildet und verwendet man Infinitivkonstruktionen?**

**(f) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आपके हिसाब से ऑनलाइन खरीदारी करने के क्या फ़ायदे और नुकसान हैं ?

**40.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a) *Während sie den Reis kochte, machte sie gleichzeitig auch das Rayta.***

| | |
|---|---|
| सब्ज़ी पकाना – रायता बनाना | चावल उबालना – सलाद काटना |
| दाल बनाना – प्याज़ छीलना | खीर बनाना – सीरियल देखना |

1. साथ ही साथ — *वह ... पका रही थी। साथ ही साथ वह ... भी बना रही थी।*
2. करने के साथ — *सब्ज़ी पकाने के साथ साथ वह रायता भी बना रही थी।*

3. इस बीच — *वह सब्ज़ी पका रही थी। इस बीच वह रायता बनाने लगी।*
4. करने के बीचोंबीच — *सब्ज़ी पकाने के बीचोंबीच वह रायता बनाने लगी।*

**(b) *Anstatt zu arbeiten, ruhte er sich aus.***

| | |
|---|---|
| काम करना – आराम करना | मेरा काम करना – मुझे धोखा देना |
| मुझे पैसे देना – मुझसे पैसे ले लेना | घर जाना – मधुशाला चले जाना |

1. नहीं, बल्कि — *उसने काम नहीं किया, बल्कि आराम किया।*
2. न करके — *उसने काम न करके आराम किया।*
3. करने की बजाय — *उसने काम करने के बजाय (की जगह) आराम किया।*

**(c) *Wenn man das Essen von zu Hause ist, bleibt man gesund.***

| | | |
|---|---|---|
| घर का खाना खाना | सादा खाना खाना | समय पर खाना खाना |
| समय पर सोना | सुबह जल्दी उठना | सुबह उठकर टहलने जाना |

1. तो — *जब घर का खाना खाते हैं, तो सेहत ठीक रहती है।*
2. करने से — *घर का खाना खाने से सेहत ठीक रहती है।*

3. जिसकी वजह से — *वह ... खाता है, जिसकी वजह से वह हमेशा स्वस्थ रहता है।*
4. करने की वजह — *... खाने की वजह से वह हमेशा स्वस्थ रहता है।*

5. हालाँकि, फिर भी — *हालाँकि वह रोज़ ... खाता है, फिर भी उसकी तबीयत jf. 6.।*
6. करने के बावजूद — *रोज़ ... खाने के बावजूद उसकी तबीयत खराब रहती है।*

**(d)** ***Ich gehe erst aus dem Haus, wenn mir meine Großmutter ihren Segen gibt.***

| |
|---|
| दादी का आशीर्वाद लेना – घर से निकलना    माँ से फ़ोन पर बात करना – सोने जाना<br>भगवान् को याद करना – खाना खाना    अपने पिताजी से पूछना – बड़े फ़ैसले लेना |

1. तभी — *मैं दादी का आशीर्वाद लेता हूँ। तभी मैं घर से निकलता हूँ।*
2. करके ही — *दादी का आशीर्वाद लेकर ही मैं घर से निकलता हूँ।*
3. बगैर किए नहीं — *बगैर / बिना दादी का आशीर्वाद लिए मैं घर से नहीं निकलता।*

**(e)** ***Hör auf mich, sonst wirst du es bereuen!***

| |
|---|
| पढ़ाई करना – फ़ेल हो जाना    आराम से मोटर साइकिल चलाना – गिर जाना<br>बुरी संगत में नहीं रहना – बिगड़ जाना    मेरी बात मानना – पछताना |

1. नहीं तो — *तुम पढ़ाई करो, नहीं तो तुम फ़ेल हो जाओगे।*
2. वर्ना — *तुम पढ़ाई करो, वर्ना तुम फ़ेल हो जाओगे !*
3. नहीं, इसलिए — *उसने पढ़ाई नहीं की, इसलिए फ़ेल हो गया।*
4. क्योंकि नहीं — *वह फ़ेल हो गया, क्योंकि उसने पढ़ाई नहीं की।*

**(f)** ***Sorgen***

| |
|---|
| पैसे कम हैं,   जीवन में अकेलापन है,   सच्चा प्यार नहीं मिलता,   सपने अधूरे रहते हैं |

1. यह बात, कि — *कुछ लोगों को इस बात का दुख है, कि पैसे कम हैं।*
2. होने की बात — *कुछ लोगों को पैसे कम होने का दुख है।*

3. क्योंकि है — *कुछ लोग दुखी रहते हैं, क्योंकि पैसे कम हैं।*
4. होने की वजह से — *पैसे कम होने की वजह से कई लोग दुखी रहते हैं।*
5. होने के बावजूद — *पर कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो पैसे कम होने के बावजूद खुश हैं।*

## 40.3 *Vipul fährt nach Wien*

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपने कभी रात भर सफ़र किया है ?

**(b) Lesen Sie den Text.**

बर्लिन से विएना का सफ़र

शाम 8 बजे

ट्रेन में चढ़ने से पहले मैंने एक बार अपनी टिकट पर नज़र मारी, पता लगाने के लिए कि किसी गलत ट्रेन में ही न चढ़ जाऊँ ! अभी कंपार्टमेंट में मेरे अलावा कोई और नहीं बैठा है। एल्के से मिलने विएना जाने की वजह से मन उमंग से भरा है। सफ़र पूरी रात का होनेवाला है।

सुबह 4 बजे

अचानक मेरी नींद खुली । ट्रेन किसी छोटे से स्टेशन पर रुकी हुई है । प्लैटफ़ॉर्म की मंद-सी रोशनी में खिड़की से बाहर देखने पर एक पुराना-सा बोर्ड दिख रहा है, जिस पर ब्रेत्स्लाव लिखा है।

सुबह 7 बजे

पूरी रात ट्रेन में बैठकर रात गुज़ारने की वजह से मेरी पीठ अकड़ चुकी है। थोड़ी देर में विएना आनेवाला है। जल्दी ही एल्के से मुलाकात होगी।

**(c) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. ट्रेन कितने बजे की थी ?
2. क्या ट्रेन में भीड़ थी ?
3. विपुल क्यों विएना गया ?
4. सुबह चार बजे ट्रेन किस जगह रुकी थी ?
5. सारी रात ट्रेन में बैठने के बाद विपुल कैसा महसूस कर रहा था ?
6. ट्रेन कितने बजे विएना पहुँची ?

**(d) Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e) Bestimmen Sie alle Verbalkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(f) Übersetzen Sie den Text.**

**(g) Was sehen Sie auf den Bildern?**




**(h) Was bedeuten diese Ausdrücke? – Erzählen Sie, was Vipul und Elke erlebt haben.**

| | | |
|---|---|---|
| सुबह विएना पहुँचना | एल्के से स्टेशन पर मिलना | एल्के के साथ शहर घूमना |
| कठपुतली का खेल देखना | आइसक्रीम खाना | शाम को ट्राम से एल्के के घर जाना |
| घर के पास सुपरमार्केट से सामान लेना | एल्के और उसकी बहन के साथ खाना खाना | |

*विपुल सुबह विएना पहुँचा। फिर ... । उसके बाद ... । उससे पहले ... । इसलिए ...*

...

**(i) Schreiben Sie einen Text. Verwenden Sie Infinitivkonstruktionen.**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| -ने पर | -ने के बाद | -ने से पहले | -ने के लिए | -ने की वजह से | ..... |

*विपुल सुबह विएना पहुँचने पर एल्के से मिला। ...*

...

### 40.4 *Gute Vorsätze*

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपकी ज़िंदगी में ऐसा कुछ है, जो आप सुधारना चाहेंगे ?

**(b) Was bedeuten diese Ausdrücke? Welche Ausdrücke gehören zusammen?**

| | |
|---|---|
| देर रात तक जगे रहना | शरीर, स्वस्थ रहना |
| सुबह-सुबह जॉगिंग पर जाना | साँस लेने में तकलीफ़, होना |
| बेकार की चीज़ों पर पैसे उड़ाना | सुबह उठने में मुश्किल, होना |
| सादा खाना खाना | बचत, नहीं हो पाना |
| सिगरेट पीना | शरीर, हल्का महसूस होना |

**(c) Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

*जब तुम देर रात तक जगे रहोगे, तो तुम्हें सुबह उठने में मुश्किल होगी। ... /*
*देर रात तक जगे रहने से सुबह उठने में मुश्किल होती है। ...*

**(d) Bringen Sie die Wörter in die richtige Reihenfolge und schreiben Sie Sätze.**

अगले हफ़्ते से ...

1. रात तक – मैं – देर – छोड़ दूँगा – रहना – जगे।
2. कोशिश – मैं – सुबह – जाने की – उठकर – जल्दी – जॉगिंग पर – करूँगा।
3. समय – देखने में – फ़ोन – मैं – करना – बेवजह – बरबाद – छोड़ दूँगा।
4. पैसे – छोड़ दूँगा – उड़ाना – मैं।
5. खाना – मैं – खाना – करूँगा – सादा – शुरू।
6. पीना – मैं – शराब – कर दूँगा – बंद।

**(e) Fragen für Gespräche**

- अपने खाने-पीने की / रहने की आदतों के बारे में कुछ बताइए।
- आपके हिसाब से आपकी कौन-सी आदतें अच्छी हैं ?
- क्या आप अपनी कुछ आदतें बदलना चाहेंगे ?

**40.5** ***Wut und Verzweiflung***

**(a) Lesen Sie die Fragen und sprechen Sie miteinander.**

- किन कारणों से लोग एक दूसरे से निराश होते हैं ?
- किन कारणों से लोग एक दूसरे से नाराज़ रहते हैं ?

**(b) Wählen Sie die richtigen Konjunktionen bzw. Postpositionen aus.**

निराशा और नाराज़गी

1. तुमने दिन भर पढ़ाई नहीं की, (और अब / इसलिए) तुम सो रहे हो।
2. तुम्हें सोने (के साथ साथ / के बजाय) पढ़ाई करनी चाहिए थी।

3. पूरा दिन टी.वी. देखने (के बाद / की जगह) तुम्हें बाहर जाना चाहिए।
4. घंटों सिर्फ़ टी.वी. देखने (से / में) तुम्हारी नज़र कमज़ोर हो जाएगी।

5. इस तरह लापरवाह होने (से / को) तुम ज़िंदगी में कहीं नहीं पहुँच पाओगे।
6. समय बरबाद करने (के बजाय / के बगैर) तुम अपनी पढ़ाई पर ध्यान दिया करो !

**40.6** ***Erfahrungen, Vor- und Nachteile*** **– Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| | | |
|---|---|---|
| प्लेन में सफ़र करना | ऑनलाइन खरीदारी करना | दूसरों से पैसे उधार माँगना |
| जल्दबाज़ी में काम करना | सच छुपाना | बिना माँगे किसी की मदद करना |

- क्या आप कभी-कभी प्लेन में सफ़र करते हैं ?
- अगर हाँ, तो प्लेन में सफ़र करने का आपका अब तक का अनुभव कैसा रहा है ?
- आपके हिसाब से प्लेन में सफ़र करने के क्या फ़ायदे और नुकसान हैं ?
- प्लेन में सफ़र करने के और क्या विकल्प होते हैं ?

**40.7** ***Siegt immer die Wahrheit?***

**(a) Lesen Sie die Fragen und sprechen Sie miteinander.**

- क्या आप कभी भ्रष्टाचार का शिकार बने ?
- आपके हिसाब से भ्रष्टाचार क्यों होता है ?

**(b)** ***Bholus Traum*** **– Ergänzen Sie die richtigen Infinitivkonstruktionen.**

| में | पर भी | का | का | का | की | की | के लिए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

भोलू का नंबर कब आएगा ?

1. भोलू ने आई.आई.टी. में (पढ़ना)__________ फ़ैसला किया।
2. उसने दाखिला (लेना)__________ बहुत कोशिशें कीं।
3. पर बहुत हाथ-पैर (मारना)__________ उसका काम आज तक नहीं बना।
3. सबसे पहले उसने परीक्षा खुद (देना)__________ नाकाम कोशिश की।
4. फिर उसने अपने जिगरी दोस्त को परीक्षा (लिखना)__________ राज़ी कराया।
5. उसके बाद उसने सीट (खरीदना)__________ बंदोबस्त किया।
6. हारकर उसने एक नेता से भी सिफ़ारिश (लगाना)__________ मन बनाया।
7. लेकिन अफ़सोस, दाखिला (लेना)__________ वह अभी तक कामयाब नहीं हो पाया।

**(c) Lesen Sie die Fragen und sprechen Sie miteinander.**

- आपके हिसाब से जीवन में ईमानदार रहने के क्या फ़ायदे और नुकसान होते हैं ?
- क्या कामयाबी पाने के लिए थोड़ी-सी बेईमानी का सहारा लेना सही है ?

# 41 इकतालीसवाँ अध्याय

**41.1 Der Agens in infiniten Nebensätzen**

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आप किसके साथ सफ़र पर जाना पसंद करते हैं ?

**(b)** ***Im Urlaub*** **– Bringen Sie die Sätze in die richtige Reihenfolge.**

| | |
|---|---|
| | जब तक टैक्सी आएगी, तब तक हमारा नाश्ता हो चुका होगा। |
| 1 | जब अलार्म बजेगा, तो मैं पहले उठ जाऊँगा ! |
| | जब तक तुम तैयार हो रही होगी, तब तक मैं सामान पैक कर दूँगा। |
| | जब तक तुम नहाओगी, तब तक मैं तैयार हो जाऊँगा। |
| | मैं नहाऊँगा, उसके बाद तुम नहाने जाओ ! |

**(c) Welche Konjunktionen entsprechen welchen Postpositionen?**

| | |
|---|---|
| ..., उसके बाद | -ने तक |
| जब, तो | -ने पर |
| जब तक, तब तक | -ने के बाद |

**(d)** ***Frau Vermas Tagebuch.*** **– Formulieren Sie die Sätze wie im Beispiel um.**

*अलार्म बजने पर मेरे पति पहले उठ गए।*

...

**(e) Wie wird der Agens in nebensatzwertigen Konstruktionen markiert?**

**(f) Aufgaben**

- मान लीजिए आप अपने सहपाठी के साथ कहीं घूमने गए हैं। साथ में दिन में आप क्या-क्या करेंगे, इस पर चर्चा कीजिए।
- इस चर्चा के आधार पर एक वार्तालाप और एक पोस्टकार्ड लिखिए।

**41.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a) *Die Nachtfahrt***

| | |
|---|---|
| अंधेरा, होना – हम, घर से निकलना | बस, लगना – हम, बस में बैठ जाना |
| बस, चलना – नींद, हमें आ जाना | सूरज, निकलना– हम, कुछ तस्वीरें खींचना |
| मंज़िल, आना – हम, बस से उतरना | होटल, खुलना – हम, नाश्ता करना |

1. जब, तो — *जब अंधेरा हो गया, तो हम घर से निकले।*
2. करने पर — *अंधेरा होने पर हम घर से निकले।*
3. उसके बाद — *अंधेरा हुआ। उसके बाद हम घर से निकले।*
4. करने के बाद — *अंधेरा होने के बाद हम घर से निकले।*

**(b) *Auf Reisen***

| |
|---|
| फ़ोन पर बात करना – रास्ते का पता लगाना |
| टिकट खरीदना – प्लैटफ़ॉर्म का पता करना |
| सामान लेकर ट्रेन में बैठना – जल्दी पानी की बोतल ले आना |
| घूमकर आना – सामान का ध्यान रखना |

1. तब तक — *तुम फ़ोन पर बात करो ! तब तक मैं रास्ते का पता लगा आती हूँ।*
2. करने तक — *उसके फ़ोन पर बात करने तक उसकी सहेली रास्ते का पता लगा आई।*
3. साथ साथ — *वह ... बात कर रही थी। साथ साथ उसकी सहेली ... लगा रही थी।*
4. करने के ... — *उसके ... बात करने के साथ साथ उसकी सहेली ... लगा रही थी।*

**(c) *Europareise***

| |
|---|
| ऑफ़िस में बहुत काम, होना – मैं, छुट्टियाँ ले पाना |
| सब कुछ, महँगा होना – मेरा काम, चल जाना |
| घूमने के लिए सिर्फ़ दस दिन का समय, होना – मैं, बहुत कुछ देख पाना |

1. भले ही, फिर भी — *ऑफ़िस में भले ही बहुत काम था। फिर भी मैं छुट्टियाँ ले पाई।*
2. हालाँकि, फिर भी — *हालाँकि ऑफ़िस में बहुत काम था। फिर भी मैं छुट्टियाँ ले पाई।*
3. करने के बावजूद — *ऑफ़िस में बहुत काम होने के बावजूद मैं छुट्टियाँ ले पाई।*

(d) ***Obwohl es wirklich schwierig war, habe ich es geschafft!***

| |
|---|
| समय, कम होना – काम, हो जाना<br>काम, बहुत मुश्किल होना – मैं, समय पर सब कर पाना<br>मेरा साथी, बीच में काम छोड़ना – मैं, काम पूरा करना<br>सभी, मेरी राह में बाधा डालते रहना – मेरा काम, आखिर बन जाना |

1. हालाँकि, फिर भी — *हालाँकि समय कम था, फिर भी काम हो गया।*
2. करने के बावजूद — *समय कम होने के बावजूद काम हो गया।*

3. इसलिए — *समय कम था, इसलिए काम नहीं हुआ।*
4. करने की वजह से — *समय कम होने की वजह से काम नहीं हुआ।*

**41.3 *Ein Ausflug nach Nainital***

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आप कभी अपने सहपाठियों के साथ या किसी ग्रुप में कहीं घूमने गए?

**(b) Was sehen Sie auf diesen Bildern?**



**(c) Was bedeuten diese Ausdrücke? Bescheiben Sie die Bilder.**

| |
|---|
| बस में जाना फ़ोटो खिंचवाना फ़ोटो खींचना मस्ती करना<br>बर्फ़ में खेलना बर्फ़ के गोले बनाना कश्ती में बैठना झील का चक्कर लगाना |

*इन तस्वीरों में क्या हो रहा है ?*

*एक लड़की ...*

*कुछ लोग ...*

*कोई ...*

...

**(d) Lesen Sie den Text.**

कॉलेज ट्रिप

पिछली फ़रवरी में कॉलेज की तरफ़ से हमारा नैनीताल जाने का एक ट्रिप बना। हमारी क्लास से दस लोग गए थे। शुक्रवार की रात को सब कॉलेज में मिले, जहाँ से हमारी बस चली। सफ़र रात भर का था।

सुबह नींद खुलने पर हम उत्तराखंड पहुँच चुके थे। सबसे पहले हलद्वानी में रुककर हमने नाश्ता किया। नाश्ता करने के बाद हम आगे चले।

जैसे ही हम नैनीताल पहुँचे, वैसे ही बर्फ़ पड़ने लगी और हममें से कुछ ऐसे भी थे, जिन्होंने बर्फ़ कभी देखी ही नहीं थी। बर्फ़ देखकर सभी इतने खुश हुए, कि सब बाहर बर्फ़ में आ गए। कोई किसी के ऊपर बर्फ़ के गोले बनाकर फेंक रहा था, कोई फ़ोटो ले रहा था। हवा में ठंडक होने की वजह से बहुत अच्छा लग रहा था।

उसके बाद हम नैनी झील गए, जहाँ हमने किश्ती पर बैठकर झील का चक्कर लगाया। जगह बहुत सुंदर थी। फिर खाना खाने के बाद हमने एक पुराना मंदिर भी देखा। देर शाम को हमारी वापस दिल्ली जाने के लिए बस थी।

**(e)** **Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. कॉलेज का ट्रिप कहाँ का था ?
2. क्लास में से कितने लोग गए ?
3. सुबह बस कहाँ रुकी ?
4. उन लोगों ने नैनीताल में क्या-क्या किया ?
5. आखिर में उन्होंने क्या देखा ?
6. क्या वे रात को नैनीताल में ही रुके ?

**(f)** **Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(g)** **Bestimmen Sie alle infiniten Nebensätze und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(h)** **Übersetzen Sie den Text.**

**41.4** ***Ein Tag in Ahmdabad***

**(a)** **Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

क्या आपने कभी रात को सफ़र किया ?

**(b)** ***Gandhi Ashram*** **– Bringen Sie die Sätze in die richtige Reihenfolge.**

| | |
|---|---|
| | वहाँ घूमने के दौरान हमने गाँधी आश्रम देखा। |
| | वहाँ पर काफ़ी हरियाली होने की वजह से हवा में ठंडक थी। |
| 1 | हम घूमने के लिए अहमदाबाद गए। |
| | महात्मा गाँधी के वहाँ रहने की वजह से वह मशहूर है। |

**(c)** **Was bedeuten diese Konjunktionen**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ताकि | इस दौरान | क्योंकि | इसलिए |

**(d)** **Formulieren Sie die Sätze in (b) nach dem Beispiel um.**

*1. हम अहमदाबाद गए, ताकि हम घूम सकें।*

**(e) Bestimmen und übersetzen Sie diese Nebenverbalkonstruktionen.**

देखना देखने में होने की वजह से (2x) होने के बावजूद
आने से पहले जाने का कारण घूमने के लिए घूमने के बाद
रहने की वजह से करने के बाद पहुँचने पर

**(f) Ergänzen Sie die richtigen Nebenverbalkonstruktionen.**

1. पिछले हफ़्ते मैं अपने दोस्त के साथ ______ अहमदाबाद गया।
2. हमारा वहाँ ______ था, साबरमती आश्रम ______ ।
3. महात्मा गाँधी के वहाँ ______ वह मशहूर है।
4. हम पुणे से रात को चले और धूप ______ अहमदाबाद पहुँच गए।
5. ढाबे पर नाश्ता ______ हम ऑटो से साबरमती आश्रम गए।
6. दिन में गर्मी ______ हमें आश्रम ______ गर्मी नहीं लग रही थी,
7. क्योंकि बगल में नदी और बहुत-सारे पेड़ ______ हवा में ठंडक थी।
8. एक आश्रम ______ यह जगह ______ बहुत सरल लग रही थी।
9. शाम को शहर ______ हमने रात को पुणे के लिए वापसी की बस ली।

**(g) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. जो लोग घूमने के लिए अहमदाबाद गए, वे कहाँ के रहनेवाले हैं ?
2. वे लोग अहमदाबाद कैसे गए ?
3. वे वहाँ क्यों गए ?
4. उन्होंने नाश्ता कहाँ किया ?
5. उनको आश्रम कैसा लगा ?
6. क्या वह रात को अहमदाबाद ही रुके ?

**(h) Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(i) Bestimmen Sie alle infiniten Nebensätze.**

**(j) Übersetzen Sie den Text.**

# 42 बयालीसवाँ अध्याय

### 42.1 Adverbiale PI-Sätze

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

जब आप शाम को घर पहुँचते हैं, तो क्या-क्या करने को होता है ?

**(b) Was bedeuten diese Ausdrücke?**

| | | |
|---|---|---|
| फ़ोन पर गाने सुनना | दुकानों में नए कपड़े देखते जाना | अपनी माँ को फ़ोन करना |
| दूध लेना | खाने में क्या बनाना है, यह सोचना | खाने का सामान खरीदना |

**(c) *Unterwegs* – Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

*जब काव्या शाम को घर जाती है, तो वह फ़ोन पर गाने सुनती है ।*

...

**(d) Bilden Sie die Sätze nach dem Beispiel um.**

*शाम को घर जाते वक़्त काव्या फ़ोन पर गाने सुनती है ।*

...

**(e) Wie bildet und verwendet man adverbiale PI-Sätze?**

**(f) Bilden Sie Sätze und verwenden Sie sie in Gesprächen.**

| | | |
|---|---|---|
| किन-किन जगहों से होकर जाना ? | किन चीज़ों के बारे में सोचना ? | और क्या करना ? |

- काम पर जाते वक़्त / वापस घर लौटते वक़्त आप किन-किन जगहों से होकर जाते हैं ?
- अपने माँ-बाप के घर जाते वक़्त आप किन-किन जगहों से होकर जाते हैं ?
- अपने दोस्त के पास जाते समय आप किन-किन जगहों से होकर जाते हैं ?

**42.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a)** ***Manche Leute lesen, wenn sie im Zug sitzen.***

| |
|---|
| सफ़र करना – कुछ पढ़ना    खाना खाना – टी.वी. देखना    नहाना – गाने गाना<br>किसी से बातें करना – बार-बार अपना फ़ोन देखना    सोना – खर्राटे मारना |

1. जब, तो — *कुछ लोग जब सफ़र करते हैं, तो कुछ पढ़ते हैं।*
2. करते वक़्त — *कुछ लोग सफ़र करते वक़्त कुछ पढ़ते हैं।*
3. करते (हुए) — *कुछ लोग सफ़र करते हुए कुछ पढ़ते हैं।*

**(b)** ***Ruf mich an, (gleich) wenn du aus dem Haus gehst.***

| |
|---|
| घर से निकलना    ट्रेन में बैठना    ट्रेन से उतरना    होटल पहुँचना    नेटवर्क मिलना |

1. जब, तो — *जब तुम घर से निकलोगे, तो मुझे फ़ोन करना !*
2. करते वक़्त — *घर से निकलते वक़्त मुझे (याद से) फ़ोन करना !*
3. करते (हुए) — *घर से निकलते हुए उसने मुझे फ़ोन किया।*

4. ही, कि — *वह घर से निकली ही थी, कि उसने अपनी माँ को फ़ोन किया।*
5. जैसे ही, वैसे ही — *जैसे ही वह घर से निकली, वैसे ही उसने अपनी माँ को ...*
6. करते ही — *घर से निकलते ही उसने अपनी माँ को फ़ोन किया।*

**(c)** ***Mein Freund kam gerade, als ich fertig wurde.***

| |
|---|
| तैयार होना    खाना लगाना    घर से निकलना    बस स्टैंड तक पहुँचना |

1. जैसे ही, वैसे ही — *जैसे ही मैं तैयार हुआ, वैसे ही मेरा दोस्त आ गया।*
2. करते ही — *मेरे तैयार होते ही मेरा दोस्त आ गया।*

3. जब तक, तब तक — *जब तक मैं तैयार हो चुका था, तब तक मेरा दोस्त आ गया।*
4. करते-करते — *मेरे तैयार होते-होते मेरा दोस्त आ गया।*

**(d)** ***Bis wir fertig wurden, war es elf Uhr.***

| | | |
|---|---|---|
| तैयार होना – 11:00 | ड्राइवर, आना – 11:30 | सामान डिकी में रखवाना – 11:45 |
| शहर से निकला – 1:00 | ढाबे में रुकना – 2:30 | जीजाजी के घर पहुँचना – 3:30 |

1. जब, तो — *जब हम तैयार हुए, तो ग्यारह बज चुके थे।*
2. करते-करते — *(हमारे) तैयार होते-होते ग्यारह बज गए थे।*

